


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 15 अंक - 149 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 12 मार्च 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर



### हरियाणा में सियासी भूचाल भाजपा-जजपा गठबंधन टूटा, मनोहर लाल ने पूरी कैबिनेट के साथ दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा में भाजपा-जजपा गठबंधन टूट गया है। चंडीगढ़ में भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद सीएम अपने मंत्रिमंडल के साथ राजभवन पहुंचे और पूरी कैबिनेट का इस्तीफा सौंपा। अब शाम को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

सूत्रों के अनुसार, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने अपनी सरकारी गाड़ियां लौटा दी हैं। इसके अलावा जजपा में भी टूट की खबर है। सूत्रों के अनुसार, जजपा विधायक देवेंद्र बबली भी भाजपा की बैठक में शामिल होंगे।

बैठक के लिए पर्यवेक्षक अर्जुन मुंडा और तरुण चुघ चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गए है। सूत्रों के अनुसार विधायक दल की बैठक सीएम मनोहर लाल की अध्यक्षता में हो रही है। बैठक में नया नेता चुना जाएगा। बैठक में ही तय होगा कि पार्टी चुनाव में मनोहर लाल के नेतृत्व में ही उतरेगी या कोई नया चेहरा सामने आएगा। सूत्रों के अनुसार, मंत्रिमंडल के कुछ चेहरे बदले जाएंगे। नई कैबिनेट में निर्दलीयों को ज्यादा महत्व दिया जाएगा।

वहीं सिरसा के विधायक और हरियाणा लोकहित पार्टी के अध्यक्ष गोपाल कांडा ने कहा है कि गठबंधन (बीजेपी-जेजेपी) लगभग टूट चुका है। लोकसभा चुनाव में बीजेपी सभी 10 सीटें जीतेगी। जेजेपी के बिना भी हरियाणा सरकार जीतेगी।

इसी बीच हरियाणा के निर्दलीय विधायक नयन पाल रावत ने कहा कि हमने पहले ही सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व वाली सरकार को अपना समर्थन दे दिया है। सीएम मनोहर लाल से मुलाकात में लोकसभा चुनाव की रणनीति पर भी चर्चा हुई। बातचीत से मुझे ऐसा आभास हुआ था जजपा से गठबंधन तोड़ने की शुरुआत हो चुकी है।

### महतारी वंदन योजना के तहत 68.53 लाख महिलाओं को हुआ 636.44 करोड़ रुपए का भुगतान

**रायपुर।** महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 68.53 लाख महिलाओं के खातों में 636.44 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार योजना की शेष महिला हितग्राहियों के खातों में राशि का अंतरण प्रक्रियाधीन है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 10 मार्च को छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना की शुरूआत की गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को एक-एक हजार रूपए डीबीटी के माध्यम से अंतरित किया गया। योजना के तहत एक-एक हजार रूपए प्रतिमाह के मान से साल में 12 हजार रूपए महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित किए जाएंगे।

# छत्तीसगढ़ में मोदी के गारंटर लगाएंगे भाजपा की नैय्या पार

## साय सरकार की उपलब्धियां बनेंगी छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत का आधार

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

रायपुर। आने वाले दिनों में लोकसभा के चुनाव होने हैं। छत्तीसगढ़ में ये चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विधानसभा चुनाव के वक्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य के विकास से लेकर यहां के लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने तक कई तरह की गारंटियां दी थी। भाजपा की सरकार बनने के बाद वरिष्ठ नेता विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री बने तो पीएम मोदी की गारंटियों के गारंटर बनकर उन्होंने एक-एक कर दर्जनों गारंटियों को पूरा करने का काम किया। इसका लाभ किसानों से लेकर मजदूरों और गृहणियों से लेकर आम लोगों तक सबको मिल रहा है। लोकसभा चुनाव में भाजपा की नैय्या पार लगाने की महती जिम्मेदारी भी सीएम साय के मजबूत कंधों पर है। इसलिए माना जा रहा है कि इस बार राज्य की सभी 11 सीटों पर जीत का आधार साय सरकार की उपलब्धियां बनेंगी।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पीएम मोदी को राज्य की सभी 11 सीटों की भेंट देने में जुटे हैं। आज तक के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि राज्य की सभी सीटें भाजपा ने जीती हो। हालांकि पार्टी सभी सीटें जीतने के करीब कई बार पहुंची। राज्य बनने के बाद से लेकर अब तक छत्तीसगढ़ ने लोकसभा के 4 चुनाव देखें हैं। इनमें पहला चुनाव 2004 को हुआ था। इस चुनाव में भाजपा ने 10 तो कांग्रेस ने 1 सीट जीती थी। कांग्रेस की इकलौती सीट जीतने वाले राज्य के पहले मुख्यमंत्री अजीत जोगी थे। 2009 में हुए चुनाव में भी भाजपा को 10 सीटें मिली। कांग्रेस महज 1 सीट पर जीत दर्ज कर पाई। इस बार इकलौती सीट जीतने वाले चरणदास महंत थे। इसके पश्चात 2014 के चुनाव में भी नतीजे पिछले दो परिणामों वाले ही आए। 2014 में भाजपा लगातार 10 सीटें जीतकर दमदारी दिखाने में कामयाब रही। इस बार कांग्रेस की लाज ताम्रध्वज साहू ने बचाई। 2019 के चुनाव की बात करें तो इस चुनाव में पहली बार कांग्रेस को 2 सीटों पर खाता खोलने का अवसर मिला। इस बार कोरबा से ज्योत्सना चरणदास महंत तो बस्तर सीट से दीपक बैज चुनाव जीतने में कामयाब रहे। लेकिन भाजपा इस बार कांग्रेस के एक और दो सीटों वाले मिथक को तोड़ने की कोशिश में है।



### 18 लाख लोगों के लिए पीएम आवास

छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के तत्काल बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में केबिनेट की पहली ही बैठक में बड़ा फैसला लिया गया। यह फैसला था जरूरत परिवारों के लिए पीएम आवास निर्माण का। पूर्ववर्ती सरकार ने इन आवासों के निर्माण पर रोक लगा रखी थी। पहली ही कैबिनेट बैठक में 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची के पात्र शेष परिवारों (6,99,439) एवं आवास प्लस सूची के पात्र परिवारों (8,19,999) की स्वीकृति की जायेगी। योजना के तहत निर्माणाधीन 2,46,215 आवासों को भी शीघ्र पूर्ण कराया जायेगा। राज्य में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत कुल 17,65,653 आवास एवं अन्य 47,090 आवास कुल 18,12,743 जरुरतमंद पात्र परिवारों को तत्परता से स्वीकृति देने के साथ ही आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

### धान खरीदी के टूटे सभी रिकार्ड

छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार विष्णुदेव साय सरकार में बंपर धान की खरीदी हुई। इस धान खरीदी ने पिछले सारे रिकार्ड ध्वस्त कर दिए। प्रदेश के किसानों ने बढ़-चढ़कर समर्थन मूल्य पर अपना धान बेचा। इस साल करीब 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। जबकि बीते साल 2022-23 में 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। इस साल 37.39 लाख मीट्रिक टन के करीब अतिरिक्त धान की खरीदी हुई है। पूरे प्रदेश में 25 लाख किसानों ने अपना धान बेचा। 12 लाख किसानों के खाते में 3,716 करोड़ रुपए धान के दो वर्षों के बकाया बोनस का भुगतान कर दिया गया। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की गई। इस वर्ष रिकॉर्ड 1.45 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी कुल 25 लाख किसानों से की गई। वहीं धान के अंतर की राशि का भुगतान भी आज 12 मार्च को कर दिया गया।

### महतारियों के चेहरे पर आई मुस्कान

पीएम मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय महिलाओं के चेहरों पर मुस्कान लेकर आए। बाबा विश्वनाथ की नगदी काशी से पीएम मोदी ने वर्चुअली जुड़कर महतारी वंदन योजना की शुरूआत की। उन्होंने 70 लाख से ज्यादा पात्र महिलाओं को 655 करोड़ 57 लाख रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से बटन दबाकर अंतरित की। योजना के तहत अब पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए और प्रति वर्ष 12 हजार रूपए नियमित रूप से मिलेंगे। इतना ही नहीं, जो महिलाएं योजना का फार्म किसी कारणवश नहीं भर पाईं हैं वे फिर से फार्म भरकर योजना का लाभ ले सकेंगी। साय सरकार की दरियादिली से छत्तीसगढ़ की महतारी के चेहरे पर रौनक देखते ही बन रही है। योजना को लेकर उत्साह का आलम यह था कि महिलाएं एक दूसरे को बधाई देते हुई भी दिखीं। उनका साफ कहना था,- पहली बार ऐसी सरकार देखी, जिसने महतारी की चिंता की।

### धान के अंतर की राशि का भुगतान

12 मार्च का दिन किसानों के लिए एक और बड़ा दिन रहा। इस दिन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों को धान के अंतर की राशि का भुगतान कर उनके जीवन में खुशहाली का एक और द्वार खोल दिया। सीएम साय के सुशासन में लगभग 13,000 करोड़ रूपए सीधे किसानों के खाते में पहुंचे। किसानों को यह पैसा बोनस के तौर पर दिया जाएगा। धान की खरीद पर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी दिया जाता है। लेकिन 24 लाख किसानों के खाते में जमा की जाने वाली 13,000 करोड़ रुपये की राशि एमएसपी से अतिरक्त यानी बोनस है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में किसानों को बोनस देने की बात कही थी। अब सरकार बनने के बाद मोदी की इस गारंटी को भी पूरा किया गया है। इस राशि का हस्तांतरण सीधे किसानों के खाते में किया गया। धान पर बोनस राशि मिलने से किसानों के चेहरे पर भी खुशियां झलक पड़ी।

## 12 लाख किसानों की बल्ले-बल्ले

पीएम मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अटलजी की जयंती के अवसर पर किसानों की बल्ले-बल्ले करवा दी। दरअसल, अटलजी का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है और इसी दिन 12 लाख किसानों के खाते में बोनस के रूप में 3,716 करोड़ रूपए ट्रांसफर किए गए। सीएम साय ने स्वयं अभनपुर के बेन्द्री गांव में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को 2 वर्ष (खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 और 2015-16) के धान के बकाया बोनस के रूप में 3,716 करोड़ रुपए की राशि उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की। सीएम साय ने कहा भी,- मोदी की गारंटी के अंतर्गत हमने दो साल के बकाया बोनस के भुगतान का वादा किया था और इसे अटलजी की जयंती सुशासन दिवसर पर पूरा कर दिया गया है। राज्य ही नहीं पूरे देश ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है। उन्होंने कहा, हमने प्रदेश की जनता से जो भी वादा किया है वे सभी वादे पूरे किए जाएंगे।

## छत्तीसगढ़ के रेलवे स्टेशनों पर 34 वन स्टेशन वन प्रोडक्ट लॉन्च, पहला रेल कोच रेस्टोरेंट भी शुरू

■ **पीएम मोदी ने किया 85000 करोड़ से अधिक की रेलवे परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास**

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अहमदाबाद से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए रेलवे के विकास से संबंधित 85000 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ में विभिन्न परियोजनाओं का वर्चुअली लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास बटन दबा कर किया। इस मौके पर रायपुर रेलवे स्टेशन में एक भव्य कार्यक्रम रखा गया जिसमें राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित रहे।

इस दौरान पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के रेलवे स्टेशनों पर 34 वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल लांच किए। पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर रेलवे स्टेशन परिसर में बने एक रेल कोच रेस्टोरेंट का भी शुभारंभ किया। इसके अलावा पीएम मोदी ने दुर्ग कोचिंग डिपो पीट लाइन के अपग्रेडेशन का लोकार्पण किया। इसी प्रकार जांजगीर, नैला व पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशनों में जन औषधि केंद्र का लोकार्पण




किया। साथ ही बिलासपुर में वंदे भारत एक्सप्रेस के मेंटेनेंस डिपो, भिलाई मेमू शेड का विस्तार तथा अंबिकापुर में पिट लाइन का शिलान्यास किया।

इस मौके पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि रेलवे भारत की लाइफलाइन है। रेल के विकास का सीधा प्रभाव देश के विकास और आर्थिक उन्नति पर पड़ता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को उदारता पूर्वक काफी कुछ दिया है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में रेलवे से संबंधित 36 हजार 968 करोड रुपए की लागत की परियोजनाएं प्रगति पर हैं। वर्ष 2024=25 के बजट में छत्तीसगढ़ को 6896 करोड़ का आवंटन प्राप्त हुआ है, जो उल्लेखनीय है छत्तीसगढ़ के 32 स्टेशनों का विश्व स्तरीय स्टेशन के रूप में विकास हो रहा है।

## दिल्ली और कोलकाता के लिए बिलासपुर से शुरू हुई सीधी विमान सेवा, सीएम साय ने वर्चुअली किया शुभारंभ

■ **अब बिलासपुर-दिल्ली व बिलासपुर-कोलकाता के बीच हवाई सेवा का लाभ ले सकेंगे क्षेत्र के लोग**





**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को अपने निवास कार्यालय रायपुर से वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर बिलासा देवी केंवट विमानतल, बिलासपुर से बिलासपुर-दिल्ली और बिलासपुर-कोलकाता सीधी हवाई सेवा का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव सहित अनेक जनप्रतिनिधि बिलासा देवी केंवट विमानतल पर तथा मुख्यमंत्री निवास पर लोकसभा सांसद सुनील सोनी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि हवाई चप्पल पहनने वाले भी हवाई यात्रा कर सकें। इस उद्देश्य से पूरे देश में हवाई सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायधानी बिलासपुरवासियों की लंबे समय से चली आ रही एक बड़ी मांग पूरी हो रही है। बिलासपुर से कोलकाता और बिलासपुर से नई दिल्ली के लिए सीधी हवाई सेवा प्रारंभ हो रही है। मेरी ओर से इसके लिए बिलासपुर वासियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

बिलासा देवी केंवट विमानतल चकरभाटा बिलासपुर को 3 सीवीएफआर लायसेंस प्राप्त हुआ है। यहां 72 सीटर प्लेन का संचालन होगा। विमानन विभाग द्वारा इस हवाई अड्डे पर नाईट लैंडिंग की सुविधा के लिए 3सीआईएफआर के लिए आवेदन किया गया है। यह सुविधा भी बिलासपुर विमानतल पर जल्द प्रारंभ होगी। एलायंस एयर द्वारा मंगलवार को छत्तीसगढ़ में तीन हवाई सेवाएं प्रारंभ की गई। इनमें से बिलासपुर से दो हवाई सेवाएं-दिल्ली-बिलासपुर-दिल्ली और कोलकाता-बिलासपुर-कोलकाता तथा जबलपुर-जगदलपुर-जबलपुर। मंगलवार को कोलकाता से पहली सीधी उड़ान 8.55 बजे बिलासपुर आकर 9.40 बजे कोलकाता के लिए रवाना हुई। इसी तरह दिल्ली से दूसरी उड़ान 9.30 बजे बिलासपुर आकर 10.10 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुई।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट चकरभाटा में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि बिलासपुर से एक साथ नई दिल्ली और कोलकाता के लिए नियमित विमान सेवा शुरू होना बिलासपुर के विकास के लिए एक बड़ा पड़ाव है। मुख्यमंत्री के प्रयासों से बिलासपुर से हवाई सेवा प्रारंभ होने की मांग पूरी हुई। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विमान सेवा को नियमित रूप से चलने में राज्य सरकार की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा।

## जन्मदिन पर केक और खीर-पूड़ी का द्वंद्व

श्रीकंचनपथ न्यूज




मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या साय ने अपना जन्मदिन स्कूली बच्चों के साथ मनाया। उन्होंने बच्चों को अपने हाथों से बनी खीर खिलाई और खीर का महत्व भी बताया। उन्होंने कहा कि वैदिक कालों से शुभ अवसरों पर खीर खिलाकर मुंह मीठा कराने की परम्परा चली जा रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी स्कूली बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मना चुके हैं। दरअसल, छत्तीसगढ़ के स्कूलों में अब न्यौता भोजों का आयोजन किया जा रहा है। मंत्रियों, अधिकारियों से लेकर समाज के सक्षम वर्ग के लोग अपना जन्मदिन, विवाह वार्षिकी और अन्य शुभ अवसरों पर स्कूलों में जाकर बच्चों को भोजन करा रहे हैं। पहले ऐसे आयोजन वृद्धाश्रम और अनाथाश्रमों में होते थे। लोग विशेष अवसरों पर इन आश्रमों में जाते थे और फलदान, वस्त्रदान आदि करते थे। अब इसका रुख स्कूलों की ओर मोड़ दिया गया है। इसके कई फायदे हैं। बच्चों के साथ बिताया गया यह थोड़ा सा वक्त किसी भी व्यक्ति को नई ऊर्जा दे सकता है। साथ-साथ यह भी फायदा हो जाता है कि स्कूल का निरीक्षण हो जाता है। अव्यवस्था और कमियां उजागर हो जाती हैं। बच्चों के साथ घुलने-मिलने का सबसे बड़ा फायदा यह भी है कि इससे उनमें भारतीय परम्पराओं और मूल्यों के प्रति चेतना जगाई जा सकती है। पिछले चार-पांच दशकों में केक ने अपने लिए एक ऐसी जगह समाज में सुनिश्चित कर ली है, जिसे नजरअंदाज करना संभव नहीं है। लोग बात-बात पर केक आर्डर करने लगे हैं। पूरी दुनिया में एक अकेला भारत ही है जहां केक भी शाकाहारी होता है। मूल रूप से केक में मैदा, मक्खन, अंडा और चीनी होती है। पर भारतीय केक में अंडे का होना जरूरी नहीं है। केक जैसी जरूरी चीज को लेकर भारतीय समाज ने काफी प्रयोग किये हैं। इसे एग-लेस या अंडा रहित बनाने पर भी काफी काम हुआ है। आखिर केक इतना जरूरी क्यों हो गया? दरअसल, भारतीय समाज के खान-पान में काफी बदलाव आ गया है। नई पीढ़ी मीठे को लेकर काफी सतर्क हैं। इसलिए मुंह-मीठा कराने की परम्परा का धीरे-धीरे लोप हो रहा है। लोग अब प्रसाद भी चिमटी काटकर लेते हैं। रही बात खीर की तो उसे बनाना पड़ता है। लोग भले ही दिन भर व्यंजन-विधियों के वीडियो देखें, टीवी पर मास्टर शेफ का आनंद लें पर हकीकत यही है कि रात के खाने की चिंता अब दिन ढलने के बाद ही शुरू होती है। बिना तैयारी के कुछ अच्छा बनाना जब संभव नहीं रह जाता तो बाजार से आर्डर कर दिया जाता है। केक इस संस्कृति में फिट बैठता है। केक के साथ मस्ती का भी एक भाव जुड़ा है जो युवाओं को कई मौके देता है। युवाओं के जन्मदिन में इसीलिए केक खाया कम और लगाया अधिक जाता है। केक-कटिंग का भी अपना महत्व है। लोग इसकी फोटो खींचने को उतावले रहते हैं। बर्थडे सांग की एक पंक्ति तो सभी को याद है।



## संपादकीय

# न्यायपूर्ण नागरिकता

लगभग चार वर्ष के इंतजार के बाद केंद्र सरकार ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम अर्थात सीएए को देश भर में लागू करके न केवल अपने आलोचकों को चौंकाया है, बल्कि देश अपने लोगों की नागरिकता सुनिश्चित करने की जरूरी दिशा में बढ़ चला है। इस नए कानून का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान जैसे देशों से आने वाले मुस्लिमों को अब भारत में सहजता से नागरिकता नहीं मिलेगी, जबकि इन देशों से आने वाले हिंदू, सिख, ईसाई व अन्य धर्म के लोगों को सहजता से नागरिकता हासिल हो जाएगी। कानून के तहत पात्र लोग नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। गौर करने की बात है कि पिछले दिनों से अनेक नेता सीएए के लागू होने के संकेत दे रहे थे। यहां तक कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि आम चुनाव से पहले ही सीएए को लागू कर दिया जाएगा। चुनाव की घोषणा के ठीक पहले सीएए को लागू कर सरकार ने अपना एक वादा पूरा कर दिया है।

> “ अपने देश में धर्म की राजनीति नई नहीं है, इसके पक्ष और विपक्ष में लगभग हर पार्टी राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। बेशक, राजनीति से अलग होकर सोचना ज्यादा जरूरी है। जो मजबूर लोग पाकिस्तान या बांग्लादेश से भारत में आए हुए हैं, उनकी समस्याओं का समाधान देश के लिए प्राथमिकता होनी ही चाहिए। भूलना नहीं चाहिए, नागरिकता का तार्किक व मानवीय वितरण इस देश की ‘वसुधैव कुटुंबकम्’ की संस्कृति का अंग है।

दरअसल, सीएए एक ऐसा मोर्चा है, जिसे लेकर केंद्र सरकार की आलोचना हो रही थी। सीएए का विरोध करने वाले ज्यादातर लोग शांत थे और अनेक लोग सरकार की मंशा पर सवाल उठा रहे थे। वाकई, संसद में 11 दिसंबर, 2019 को सीएए पारित हो गया था, और कुछ ही घंटों में कानून को अधिसूचित भी कर दिया गया था, पर इसके लिए नियम तय नहीं हुए थे। कानून बन जाने के बाद नियम तय करना जरूरी होता है और नियम तय करने के लिए सरकार लगातार समय ले रही थी। इस वजह से सरकार की आलोचना भी हो रही थी। बहरहाल, नियम न तय होने से आगे नई लोकसभा में तकनीकी परेशानियां आ सकती थीं, अत: केंद्र सरकार ने चुनाव से ठीक पहले इस कार्य को अंजाम देकर एक तरह से अपना ही अधूरा काम पूरा किया है। अब चुनाव में साफतौर पर सीएए विरोधियों के पास यह मौका होगा कि वे लोगों के बीच अपनी बात रखें। मतलब, आगामी चुनाव एक तरह से सीएए पर जनमत संग्रह जैसा होगा। यहां यह याद करने की बात है कि सीएए लागू करने का वादा पिछले लोकसभा चुनाव और पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से उठाया गया प्रमुख मुद्दा था और इससे भाजपा को चुनाव में बहुत फायदा भी हुआ था। देश में ऐसे लोगों की संख्या बहुत है, जो मानते हैं कि भारत का विभाजन मुस्लिमों की अलग राष्ट्र की मांग की वजह से हुआ था, अत: जिन मुस्लिमों ने भारत छोड़कर अलग देश में रहना चुना, उन्होंने भारत की नागरिकता मांगने का हक खो दिया। दूसरी ओर, सीएए का विरोध करने वालों का कहना है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के मुस्लिमों के साथ भारतीय नागरिकता देने में भेदभाव नहीं होना चाहिए। एक तर्क यह भी है कि धर्मनिरपेक्ष भारत में नागरिकता का फैसला किसी की आस्था के आधार पर नहीं होना चाहिए। बहरहाल, अपने देश में धर्म की राजनीति नई नहीं है, इसके पक्ष और विपक्ष में लगभग हर पार्टी राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। बेशक, राजनीति से अलग होकर सोचना ज्यादा जरूरी है। जो मजबूर लोग पाकिस्तान या बांग्लादेश से भारत में आए हुए हैं, उनकी समस्याओं का समाधान देश के लिए प्राथमिकता होनी ही चाहिए। भूलना नहीं चाहिए, नागरिकता का तार्किक व मानवीय वितरण इस देश की ‘वसुधैव कुटुंबकम्’ की संस्कृति का अंग है।

## भारत अब डेमोक्रेसी नहीं?

वी-डेम के 179 देशों के सूचकांक में भारत को 104वें पायदान पर रखा गया है। संस्था के मुताबिक 2013 के बाद भारत में तानाशाही प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है। वह उन 10 देशों में शामिल हो गया है, जहां ये प्रवृत्ति सबसे तेजी से बढ़ी है। अंतरराष्ट्रीय संस्था- वेराइटी ऑफ डेमोक्रेसीज (वी-डेम) ने दोहराया है कि भारत अब लोकतंत्र नहीं है। उसने भारत को निर्वाचित अधिनायकतंत्र की श्रेणी में 2018 में ही रख दिया था। उसके बाद से वी-डेम के सूचकांक में भारत का दर्जा और गिरा ही है। इस बीच लोकतंत्र की सूरत पर रिपोर्ट तैयार करने वाली अमेरिकी संस्था फ्रीडम हाउस भारत को आजाद देशों की श्रेणी से गिराकर उसे आंशिक आजादी वाले देशों की श्रेणी में रख चुकी है।

वी-डेम ने इस वर्ष अपने सूचकांक में 179 देशों को शामिल किया है। उनके बीच भारत को 104वें पायदान पर रखा गया है। संस्था ने कहा है- 2013 के बाद भारत में तानाशाही प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है। इस तरह वह उन देशों में शामिल हो गया है, जहां हाल के समय में तानाशाही सबसे तेजी से बढ़ी है। इस रूप में भारतीय लोकतंत्र उस जगह पहुंच गया है, जहां 1975 में था- यानी जब देश में इमरजेंसी लागू हुई थी।

वी-डेम ने कहा है कि इस समय दुनिया में तानाशाही प्रवृत्ति बढ़ने की लहर आई हुई है। यह प्रक्रिया 42 देशों में चल रही है, जहां की कुल आबादी दो अरब 80 करोड़ हैं- यानी जहां दुनिया की कुल आबादी का 35 प्रतिशत हिस्सा रहता है। दुनिया की 18 फीसदी आबादी भारत में है। इस तरह जो आबादी बढ़ रही तानाशाही प्रवृत्ति वाले देशों में है, उनका आधा हिस्सा भारत में मौजूद है। भारत की वर्तमान सरकार ऐसी रिपोर्टों को तव्वजो नहीं देती (या कम-से-कम वह ऐसा करने के संकेत ही देती है)। सार्वजनिक बयानों में वह इन्हें भारत विरोधी सोच से प्रेरित करार देती है। मगर यह बात अवश्य याद रखनी चाहिए कि भारत की पहचान अगर एक लोकतांत्रिक देश की बनी, तो वह उन पैमानों पर बेहतर सूरत की वजह से ही बनी, जिनको लेकर वी-डेम या फ्रीडम हाउस जैसी संस्थाएं सूचकांक बनाती हैं। अब इन कसौटियों पर भारत का दर्जा गिर रहा है, तो इसके लिए उन संस्थाओं की कथित दुर्भावना को कारण मानना अतार्किक होगा। वैसे भी जो बातें वो संस्थाएं कह रही हैं, वैसा ही अनुभव बहुत सारे भारतवासियों का भी है।

## कहने की जरूरत पड़ी!


टिप्पणियां साधारण इस लिहाज से हैं कि किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में- जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार हो- इन्हें कहने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। मगर आज हालात ऐसे हैं कि ऐसे मामले सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बीते हफ्ते दो साधारण बातें कहीं, लेकिन वो अखबारों में प्रमुख सुर्खियां बनीं। ये टिप्पणियां साधारण इस लिहाज से हैं कि किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में- जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार हो- इन्हें कहने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। मगर आज देश के हालात ऐसे हैं कि ऐसे मामले सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच जाते हैं और अंतत: कोर्ट को संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्या करनी पड़ती है। पहली टिप्पणी संविधान के अनुच्छेद 370 को रद्द करने की आलोचना से संबंधित थी। एक प्रोफेसर ने इस कदम की आलोचना की थी।

उन्होंने कहा था कि जिस रोज ये कदम कदम उठाया गया, वह एक काला दिन था। दूसरी टिप्पणी पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस पर उसे बधाई दिए जाने से संबंधित थी। कोर्ट ने कहा कि किसी दूसरे देश को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देने के पीछे दुर्भावना की तलाश नहीं की जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा- ‘हर भारतीय नागरिक को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को रद्द करने की आलोचना करने का अधिकार है। जिस रोज ये अनुच्छेद रद्द किया गया, उसे काला दिन बताना प्रतिरोध की भावना और रोष की अभिव्यक्ति है।

> “ आज के समय में जब चुनाव खर्च काफी ज्यादा बढ़ गया है, छागला की यह टिप्पणी प्रासंगिक जान पड़ती है। ऐसे में, अदालत का दायित्व कहीं ज्यादा बढ़ गया है कि वह किसी अनुचित और भ्रष्ट आचरण को रोके। चुनावी बॉन्ड पर सख्त रुख अपनाकर शीर्ष अदालत ने भारतीय लोकतंत्र का हित ही साधा है।

# चंदा और चुनाव सुधार की कवायद

कमलेश जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट




आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सख्त चेतावनी देते हुए कह ही डाला कि वह मंगलवार शाम तक इलेक्टोरल यानी चुनावी बॉन्ड का ‘ब्रेक अप’ बताए, यानी इस बात का खुलासा करे कि चुनावी बॉन्ड के रूप में किसने, कितने रुपये, किस पार्टी को दिए हैं, अन्यथा 15 मार्च को शीर्ष अदालत खुद एसबीआई पर अवमानना का मुकदमा दायर कर देगी। यह निर्देश सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ ने एकमत होकर दिया है।

चुनावी बॉन्ड योजना को वर्ष 2017 में वित्त विधेयक के रूप में पेश किया गया था। इसे चुनाव में काला धन के इस्तेमाल से निपटने के एक कारगर तरीके के तौर पर पेश किया गया था, लेकिन इसमें सियासी दलों को मिलने वाला चंदा गुप्त भी था और उसकी कोई सीमा भी तय नहीं की गई थी। इसके तहत ‘प्रॉमिसरी नोट्स’, यानी वचन-पत्र के रूप में बैंक से बॉन्ड खरीदे जा सकते थे, जिनको अपनी बैलेंस शीट में दिखाना दानकर्ताओं के लिए जरूरी नहीं था। वे अपनी बैलेंस शीट में इसे सरकार को न दिखाने को स्वतंत्र थे। जाहिर है, यह सीधे-सीधे संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) व अनुच्छेद 19 (1) (अ) (सूचना के अधिकार) का उल्लंघन था।

चुनावी चंदे को लेकर यह कोई नया विवाद नहीं था। भारत में यह लगातार मांग होती रही है कि राजनीतिक दलों को चंदे के रूप में जो रकम मिलती है, उसमें पारदर्शिता होनी चाहिए। मगर एन-केन-प्रकारेण सभी दल इससे बचते रहे। चुनावी बॉन्ड में भी राजनीतिक दलों पर यह दायित्व नहीं था कि वे चंदे की रकम या चंदा देने वाले का नाम जाहिर करें। मतदाताओं के लिए यह रहस्य ही था कि राजनीतिक दलों के पास चुनावी बॉन्ड के रूप में किससे, कितने रुपये आए?

अब जब चुनावी बॉन्ड का अध्याय खत्म होने को है, तब सवाल यह भी है कि राजनीतिक दलों के लिए चंदे की एक आदर्श व्यवस्था क्या हो? देखा जाए, तो यह काम राजनीतिक दलों को अपने तईं करना चाहिए, क्योंकि भारत एक ऐसा जीवंत लोकतंत्र है, जहां किसी भी प्रकार की लुका-छिपी स्वीकार्य नहीं हो सकती। चंदे में पारदर्शिता का न होना लोकतंत्र के लिए एक गंभीर रोग है, जो इसकी जड़ों को खोद सकता है। ऐसे में, सर्वोच्च न्यायालय ने उचित ही लोकतंत्र रूपी वृक्ष को हरा-भरा रखने के लिए चंदे रूपी खाद को पवित्र करने का एक प्रयास किया है।

गौर कीजिए, अदालतें सिर्फ कानून की रक्षा करने के लिए जवाबदेह होती हैं और वे अपनी इसी सीमा में चुनाव सुधार को आगे भी बढ़ा रही हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर देश की चुनाव प्रणाली को स्वच्छ बनाए रखने की कोशिश की है। जैसे, चुनाव में खड़े होने वाले प्रत्याशियों की पृष्ठभूमि से जनता को आगाह करना। इस बार अदालत ने स्पष्ट किया है कि गुमनाम चंदा लोकतंत्र के हृदय को बीमार बनाता है।

इसी तरह, किसी भी विधेयक को वित्त-विधेयक का चोला पहनाकर जो सुरक्षित दरवाजा अपनाया जाता है, उस पर भी निगरानी आवश्यक है। चुनावी बॉन्ड को वित्त विधेयक के रूप में पेश किया गया था, जनता के बीच व्यापक विमर्श के बिना किसी विधेयक को यूं लाया जाना एक गलत नजीर पेश करता है।

अपने पिछले आदेश में सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक से कहा था कि 12 अप्रैल, 2019 से लेकर अब तक खरीदे गए सभी चुनावी बॉन्ड की जानकारी वह चुनाव आयोग को मुहैया कराए। इसके जवाब में ही स्टेट बैंक ने आगामी 30 जून तक यह जानकारी देने का अनुरोध करते हुए याचिका दायर की थी, जिस पर अदालत ने यह सख्ती दिखाई है। सवाल है कि आंकड़े जारी करने में बैंक के अधिकारियों को आखिर दिक्कतें क्या आ रही हैं? उनको यह बताने में इतना संकोच क्यों हो रहा है कि किसने, कितने रुपये, किस राजनीतिक दल को दिए या किसी पार्टी ने कब अपने बॉन्ड भुनाए? चूंकि इन सवालों का स्पष्ट जवाब एसबीआई की ओर से अब तक नहीं आया है, इसलिए यह शंका भी पैदा होती है कि क्या किसी दबाव में वह इन आंकड़ों को जारी करने में कोताही बरत रहा है?

अदालत ने चुनावी बॉन्ड पर रोक लगाने का फैसला सांविधानिक न्यायिक पुनरीक्षण के तहत किया है। यह एक तरह का सांविधानिक स्व-आत्मनियंत्रक न्यायिक पुनरीक्षण सिद्धांत का पालन है, जो सरकार की सभी संस्थाओं पर लागू होता है। यह सिद्धांत एक तरह से इस बात के लिए बाध्य करता है कि जरूरी सूचनाओं की पहुंच सभी लोगों तक हो। यह समझने की बात है कि किसी अधिकार पर विवेकशील रोक लगाना उस अधिकार को खत्म करना नहीं होता। कानून किसी अधिकार पर विवेकशील रोक लगा सकता है, यदि रोक का उद्देश्य कानूनन सही है, लक्ष्य तक पहुंचने में वह सहायक हो, और मौलिक अधिकारों को कम से कम बाधित करे। संविधान के अनुच्छेद 19 (2) के अंदर जो मौलिक अधिकार देश के नागरिकों को दिए गए हैं, उसका यह मतलब नहीं है कि हम काला धन अपने पास रखें।

बहरहाल, सिर्फ कानूनन रोक लगाकर चुनाव में काला धन की आमद को रोकना मुश्किल है। इसके लिए कई अन्य प्रयास भी करने होंगे। मसलन, चुनावी ट्रस्ट बनाना, चुनाव में कॉरपोरेट से फंड लेने पर रोक लगाना आदि। चुनावी बॉन्ड जहां चंदे के लेन-देन को गुप्त रखता है, वहीं मतदाताओं के अधिकार (सूचना के अधिकार) का भी हनन करता है। ऐसे में, बेहतर तरीका तो यही है कि चुनावी प्रणाली में पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के लिए चंदे की व्यवस्था पारदर्शी बने, एक-एक पैसे की जानकारी राजनीतिक पार्टियां खुद सार्वजनिक करें और मतदाताओं के अधिकारों का भी हनन न हो।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने साफ कहा है कि सन् 1958 में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश एम सी छागला ने चेताया था, ‘बिग बिजनेस’ और ‘मनी बैग्स’ वास्तव में लोकतंत्र का गला घोंट देते हैं, यानी बड़े-बड़े औद्योगिक घरानों से राजनीतिक दलों को मिलने वाली थैलियां लोकतंत्र की सेहत के लिए ठीक नहीं। आज के समय में जब चुनाव खर्च काफी ज्यादा बढ़ गया है, छागला की यह टिप्पणी प्रासंगिक जान पड़ती है। ऐसे में, अदालत का दायित्व कहीं ज्यादा बढ़ गया है कि वह किसी अनुचित और भ्रष्ट आचरण को रोके। चुनावी बॉन्ड पर सख्त रुख अपनाकर शीर्ष अदालत ने भारतीय लोकतंत्र का हित ही साधा है।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

# आंध्र प्रदेश में तेदेपा ने फिर से थाम लिया भाजपा का हाथ

श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार

चुनावी राजनीति के पल-पल बदलते मौसम में देश भर में अनेक ऐसे गठजोड़ बन रहे हैं, जिनकी कोई संभावना नहीं थी। पुराने दुश्मन दोस्त बन रहे हैं और अनुभवी चुनावी योद्धा वोटों के विशाल चरागाहों की तलाश में हैं। आंध्र प्रदेश भी इसका अपवाद नहीं है। जैसे प्यार और युद्ध में सब कुछ जायज कहा जाता है, ठीक वैसे ही अब अनेक राजनेता भी चुनाव में सब कुछ जायज मानकर चलते हैं। दक्षिण के ब्लॉक-बस्टर चुनावी समझौतों में से एक आंध्र प्रदेश में हुआ है, जहां चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी ने पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ मिलकर भाजपा से गठबंधन किया है।

यह समझौता करीब पांच साल के परस्पर अलगाव के बाद हुआ है। साल 2014 में जब आंध्र प्रदेश से अलग होकर तेलंगाना बना, तब नायडू भाजपा के साथ थे और चुनाव में कामयाब रहे थे। भाजपा के सहयोग से ही वह एक दशक बाद मुख्यमंत्री के पद पर लौटे थे। साल 2004 में तत्कालीन कांग्रेस नेता वाई एस राजशेखर रेड्डी ने नायडू को सत्ता से बेदखल किया था। बहरहाल, नायडू के 2014 के राज्य मंत्रिमंडल में दो भाजपा विधायकों को शामिल किया गया था, मगर 2019 के आम चुनाव में नायडू ने पाला बदल लिया, भाजपा को छोड़ वह कांग्रेस के साथ चले गए। तब मतदाताओं ने उन्हें दंडित भी किया, क्योंकि वह आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिला पाए थे।



अब नायडू की उम्मीदें फिर एक बार भाजपा पर टिकी हैं, पर मतदाता उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में देखते हैं, जो वादे पूरे न कर सका। साल 2004 में भी नायडू को जगन मोहन रेड्डी के पिता वाई एस राजशेखर रेड्डी से हार मिली थी, क्योंकि नायडू ने बड़े-बड़े वादे किए थे। उन्होंने खुद को अविभाजित आंध्र के सीईओ के रूप में स्थापित कर लिया था। वह तब आईटी कंपनियों को बहुत बढ़ावा देते हुए चल रहे थे। नायडू ने हैदराबाद में हाईटेक सिटी विकसित की थी। चमकदार फ्लाईओवर और शीशे वाली बड़ी इमारतें उनके समय खड़ी हुई थीं, पर वह राजधानी के बाहर रहने वाले आम लोगों और किसानों की दुर्दशा पर गौर करने में नाकाम रहे थे। साल 2004 में सत्ता से बाहर होने का यही मुख्य कारण था।

हालांकि, ऐसा लगता है कि उन्होंने 2014 में भी कोई सबक नहीं सीखा, जब वह भाजपा के समर्थन से सत्ता में वापस लौटे थे। दूसरी ओर, कांग्रेस टूट गई थी। कांग्रेस से अलग होकर जगन मोहन रेड्डी ने अपनी पार्टी बनाई और सत्ता में आ गए। कुछ समय नायडू कमजोर और सत्ता से वंचित कांग्रेस के साथ खड़े रहे। जब उनका कांग्रेस से मोहभंग हुआ, तो उन्होंने आश्रय के लिए भाजपा से संपर्क साधा, क्योंकि उन्हें जगन से लगातार सियासी हमलों का सामना करना पड़ रहा था। नायडू को भाजपा ने बार-बार नजरअंदाज किया, मगर पिछले सप्ताह उन्हें सफलता मिल गई। भगवा पार्टी का नेतृत्व उन्हें एनडीए में वापस ले आया।

वह अब पवन कल्याण के साथ मिलकर जगन मोहन को हराने की उम्मीद कर रहे हैं। इधर भाजपा को भी कुछ सीटें जीतने और नायडू मंत्रिमंडल में पैर जमाने की उम्मीद है। 2019 में जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी ने तेदेपा के 40 प्रतिशत के मुकाबले विधानसभा चुनाव में 50 प्रतिशत मत हासिल किया था। भाजपा के 0.98 फीसदी के मुकाबले कांग्रेस को 1.31 प्रतिशत मत मिले थे, इसलिए इन दोनों राष्ट्रीय पार्टियों- कांग्रेस और भाजपा की आंध्र प्रदेश में फिलहाल कोई खास मौजूदगी नहीं है।

अब भाजपा जहां तेदेपा के रथ पर सवारी कर रही है, वहीं कांग्रेस जगन की बहन शर्मिला की मदद से कुछ वोट शेयर हासिल करने की उम्मीद कर रही है। शर्मिला हाल ही में अपनी पार्टी के साथ कांग्रेस में शामिल हो गई हैं। फायरब्रांड नेता शर्मिला अपने भाई से नाराज हैं। उन्हें लगता है कि उन्हें राजनीतिक सत्ता व पारिवारिक संपत्तियों में उचित हिस्सेदारी से वंचित कर दिया गया। शर्मिला ने अब कांग्रेस का कायाकल्प किया है, मगर देखने वाली बात है कि कांग्रेस मुख्यधारा में लौट पाती है या नहीं?

ध्यान रहे, आंध्र प्रदेश में लोकसभा और राज्य विधानसभा, दोनों के चुनाव साथ होने हैं। आंध्र में जब नेता परस्पर तगड़ी प्रतिद्वंद्विता पाले हुए मैदान में उतरे हैं, तो यह तय है, वहां कांटे का मुकाबला है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**


# भाजपा के इस दांव में खतरे भी

हरिशंकर व्यास

लेकिन क्या भाजपा इस दांव में कामयाब हो पाएगी? कई बार इस तरह के दांव उलटे पड़ते हैं। कई बार कमजोर के प्रति सहानुभूति होती है। बिहार, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में तो डबल इंजन की डबल एंटी इन्कम्बैंसी हो सकती है। बिहार में जनता दल यू को साथ लेने के बाद भाजपा का पुरानी और छोटी सहयोगी पार्टियों से तालमेल बिगड़ा है क्योंकि उनको देने के लिए भाजपा के पास सीटें कम हैं।

दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन की पार्टियों में बेहतर तालमेल बना है। ध्यान रहे पिछली बार किशनगंज सीट पर मुकाबला इस वजह से था कि ओवैसी की पार्टी के उम्मीदवार को करीब तीन लाख वोट मिल गए थे। इस बार ऐसा होने की संभावना बहुत कम है। इसलिए किशनगंज सीट पर कांग्रेस या विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार के जीतने के चांस ज्यादा हैं। इसी तरह सीमांचल की अनेक सीटों पर और पिछली बार कांटे की टक्कर वाली यादव बहुल सीटों पर भी मुकाबला आसान नहीं है।

पप्पू यादव के साथ आने से सीमांचल का गणित अलग ढंग से बन रहा है। सीमांचल में पूर्णिया से लेकर अररिया, किशनगंज, सुपौल, मधेपुरा, खगड़िया, कटिहार तक पटना में पाटलिपुत्र और मगध में जहानाबाद जैसी सीटों पर कांटे का मुकाबला है।



झारखंड में सिंहभूम सीट पर कोड़ा परिवार की मदद से भाजपा ने अपनी स्थिति मजबूत की है लेकिन यह इस बात की गारंटी नहीं है कि वह पिछली बार की तरह 14 में से 12 सीट जीत जाए। पिछली बार तीन सीटों पर कांटे की टक्कर हुई थी। लोहरदगा में कांग्रेस नौ हजार और खूंटी में डेढ़ हजार वोट से हारी थी।

दुमका में शिबू सोरेन भी 30 हजार के करीब वोट से हारे थे। इन सीटों पर इस बार भाजपा के लिए लड़ाई आसान नहीं है। इसके अलावा लहर के बावजूद पिछले दोनों चुनावों में भाजपा राजमहल सीट नहीं जीत पाई। ऐसा लग रहा है कि चार से छह सीटों पर विपक्षी गठबंधन बहुत मजबूत है।

शास्त्रीय राजनीति के नजरिए से देखें तो ओडिशा में भाजपा ने वह गलती की है, जो पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने और केरल में कांग्रेस व लेफ्ट मोर्चा ने नहीं की। ओडिशा में बीजू जनता दल और भाजपा सत्तारूढ़ व मुख्य विपक्षी पार्टी हैं। उनके साथ आ जाने से विपक्ष का पूरा स्पेस कांग्रेस के लिए खाली हो गया। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 13 फीसदी वोट वाली पार्टी थी, लेकिन इस बार वह बीजू जनता दल और भाजपा दोनों के खिलाफ लड़ेगी तो दोनों का विरोधी वोट उसी की ओर जाएगा।

बीजद और भाजपा का वोट पिछली बार 81 फीसदी से ऊपर था, जिसमें इस बार बड़ी कमी आएगी। अपनी लोकसभा की आठ सीटों में कुछ बढ़ोतरी के लिए भाजपा ने सत्तारूढ़ बीजद से तालमेल का फैसला किया है, जिससे विपक्ष का स्पेस एक बार कांग्रेस को मिलेगा, जो भाजपा के मुख्य विपक्षी बनने से तीसरे स्थान पर चली गई थी।

इस बीच ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री और दिग्गज आदिवासी नेता गिरधर गमांग की पार्टी में वापसी हुई है तो तटीय ओडिशा के कद्दावर नेता श्रीकांत जेना भी लौटे हैं। वे तटीय ओडिशा की तीन अलग अलग सीटों से सांसद रह चुके हैं। सो, ऐसा न हो कि कांग्रेस को निपटाने का यह दांव भाजपा को भारी पड़ जाए?

उत्तर प्रदेश में भाजपा का दांव अभी चल रहा है क्योंकि वहां राममंदिर का उद्घाटन हुआ है और रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। लेकिन वहां भी ज्यादा सीटें लड़ने की भाजपा की जिद के चलते सहयोगी पार्टियों को गिनी चुनी सीटें मिली हैं। हां, यह जरूर है कि भाजपा ने नए सहयोगी जयंत चौधरी की पार्टी रालोद के एक नेता को मंत्री बना दिया है तो सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओमप्रकाश राजभर को भी मंत्री बना दिया है।

भाजपा ने अपनी चार सहयोगी पार्टियों को छह सीटों में निपटाया है। रालोद और अपना दल को दो-दो तो ओमप्रकाश राजभर और संजय निषाद की पार्टी को एक-एक सीट दी गई है। इनके साथ साथ भाजपा अपना पिछड़ा नेतृतव आगे कर रही है। लेकिन दूसरी तरफ अखिलेश यादव भी यादव मोह छोड़ कर अन्य पिछड़ी जातियों को ज्यादा सीटें दे रहे हैं।

पिछली बार की तरह इस बार शिवपाल यादव की पार्टी उनको डैमेज नहीं कर रही है, बल्कि शिवपाल यादव अब साथ में हैं और लोकसभा चुनाव भी लड़ रहे हैं। बसपा प्रमुख मायावती के निष्क्रिय होने से उनका वोट बिखर रहा है, जिसका एक हिस्सा सपा और कांग्रेस के साथ जा सकता है। इस बार 20 फीसदी के करीब मुस्लिम आबादी में भी कोई कंफ्यूजन नहीं है क्योंकि कांग्रेस और सपा साथ लड़ रहे हैं। ऊपर से पार्टी का आंतरिक कलह कई मामलों में देखने को मिला है।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026, 7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### गंभीर बिमारियां से बचाव व रोकथाम के लिए कार्यशाला

**भिलाई।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत डेंगू ,मलेरिया, फाइलेरिया, कुष्ठ , टी.बी.रोग तथा जलजनित बिमारियों के रोकथाम के लिए समन्वय एवं आने वाली बाधा को दूर करने में पार्षद व जनप्रतिनिधियों की भूमिका विषय पर निगम के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मे महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी ,केशव चौबे, लाल चंद वर्मा, नेहा साहू, मीरा बंजारे, जोन अध्यक्ष भुपेन्द्र यादव, राजेश चौधरी, पार्षद सुरेश वर्मा,के.जगदीश कुमार,ईश्वरी नेताम,शकुंतला साहू,सरिता देवी, नोमिन साहू, गिरिजा बंछोर, डी.सुजाता, साथ ही डां. पियोम ,तुषार वर्मा, लक्की दुबे, मितानिन आदि उपस्थित थे।

### मर्चेंट मिल ने टीएमटी बार उत्पादन का बनाया या कीर्तिमान

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मर्चेंट मिल ने 9 मार्च 2024 को 550 डी ग्रेड में 3036 टन टीएमटी 32 बार्स की रोलिंग कर, 23 सितंबर 2023 को स्थापित पिछले सर्वश्रेष्ठ 2955 टन को पार कर एक नया कीर्तिमान बनाया है। मिल ने वित्तवर्ष 2022-23 के अप्रैल से फरवरी अवधि के दौरान दर्ज 5.43 लाख टन उत्पादन को पार करते हुए वर्तमान वित्त वर्ष की इसी अवधि के दौरान 6.07 लाख टन टीएमटी बार्स और लाइट स्ट्रक्चरल का उत्पादन कर पिछले वर्ष की तुलना में 11.9 प्रतिषत की वृद्धि दर्ज की है। उल्लेखनीय है कि मर्चेंट मिल उच्च जंगरोधी एचसीआरएम ग्रेड में टीएमटी बार, 550 डी ग्रेड में टीएमटी बार, टीएमटी (एसईक्यूआर-550 डी) और टीएमटी (एर्फ्इ-500डी) सहित कई स्पेषल वैल्यू एडेड स्टील ग्रेड की रोलिंग करती है। मिल, एंगल और चैनल्स सहित लाइट स्ट्रक्चरल श्रेणी उत्पादों में कई स्पेषल स्टील ग्रेड्स की रोलिंग भी करती है।

### बीएसपी के वित्त और लेखा विभाग ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के वित्त और लेखा विभाग द्वारा 9 मार्च 2024 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम में बहुत सारी नई चीजों के सीखने, साझा करने और मजेदार गतिविधियों से भरपूर था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) डॉ अशोक कुमार पंडा और विशेष अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (एफएंड ए) श्री डी एन करन उपस्थित थे। डॉ अशोक कुमार पंडा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं अपने विकास और जीवन के प्रति बहुत केंद्रित हैं और यह अच्छी बात है कि वित्त विभाग में अब महिलाओं का अनुपात काफी अच्छा है। विभाग में महिलाएं बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और आप महिलाओं को काम देंगे तो काम होगा ही और वह भी पूरी लगन के साथ। डी एन करण ने अपने उद्बोधन में कहा कि आजकल महिलाएं अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफमें बहुत अच्छा कर रही हैं। वे घर पर भी अच्छे से काम कर रहीं हैं और ऑफिस में भी अपना परचम लहरा रहीं हैं। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम 'इंस्पायर इंक्लूजन' पर उप प्रबंधक (वित्त और लेखा)संजोला द्वारा एक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर वर्क लाइफबैलेंस पर सुश्री बिंदु प्रकाश की वार्ता, नीना प्रदीप और चंद्रलता चंद्राकर द्वारा कविता का पाठ भी किया गया। इस खेल का संचालन जुलेखा ने किया। जबकि समग्र कार्यक्रम एवं प्रश्नोत्तरी का संचालन एम टी टी (एचआरडी) पूजा सिंह द्वारा किया गया।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने श्रीरामलला के दर्शन कराने अयोध्या जाने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# जय श्रीराम के जयकारों से राममय हुआ बिलासपुर रेलवे स्टेशन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रामलला दर्शन योजना के तहत बिलासपुर रेलवे स्टेशन से अयोध्या जा रही विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन भी इस दौरान मौजूद थे। बिलासपुर संभाग के 850 श्रद्धालुओं का विशेष जत्था जय श्रीराम का नारा लगाते हुए अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। वे अयोध्या में श्रीरामलला के साथ ही काशी में बाबा विश्वनाथ का भी दर्शन करेंगे।






राज्य सरकार के रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत प्रदेशवासियों को नि:शुल्क अयोध्या धाम की यात्रा कराई जा रही है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन की रवानगी के समय विधायक सर्वश्री अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, धर्मजीत सिंह, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक जितेंद्र शुक्ला, बिलासपुर के कलेक्टर अवनीश शरण, पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत के सीईओ रामप्रसाद चौहान, भूपेन्द्र सवन्नी और रामदेव कुमावत सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा कि यह क्षण हमारे लिए गौरवशाली है कि बिलासपुर संभाग के लोग रामलला दर्शन के लिए जा रहे हैं। रामलला दर्शन योजना शुरू कर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मोदी जी की एक और गारंटी पूरी की है। इन श्रद्धालुओं का उल्लास और उमंग दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ के लोगों में रामलला के प्रति कितनी अटूट श्रद्धा और आस्था है। 850 श्रद्धालुओं के इस जत्थे के लिए सरकार ने पूरा प्रबंध किया है। उनके आने-जाने, रूकने, खाने-पीने और मंदिर दर्शन की व्यवस्था राज्य शासन द्वारा की गई है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन में जैसे ही अयोध्या के लिए जाने वाली विशेष ट्रेन ''भारत गौरव ट्रेन'' को हरी झंडी दिखाई गई, स्टेशन का पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा। यह 12 कोच वाली ट्रेन 850 श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या जा रही है। वे काशी जाकर बाबा विश्वनाथ का भी दर्शन करेंगे।

### श्रद्धालुओं ने कहा अयोध्या धाम का दर्शन करना सौभाग्य की बात

अयोध्या जा रही ट्रेन में सवार सावित्री गुप्ता ने कहा कि उसे बहुत खुशी है कि वह श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि हम जैसे लोगों के लिए यह असंभव था। लेकिन मुख्यमंत्री की पहल पर आज हमें अयोध्या में श्रीरामलला का दर्शन संभव हो रहा है। बिलासपुर के सरजू बगीचा निवासी दीपक मिश्रा ने कहा कि बुजुर्गों को सरकार तीर्थ यात्रा का पुण्य दे रही है। सरकार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। उन्होंने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। परसदा निवासी गणेश राम रजक ने कहा कि उम्र के इस पड़ाव में सभी को तीर्थ यात्रा की इच्छा रहती है। लेकिन आर्थिक कठिनाईयों के चलते यह संभव नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि हम इस यात्रा से धन्य हो रहे हैं जो हमें रामलला के दर्शन का अवसर मिल रहा है।

## खाद्य मंत्री ने संबलपुर में नवीन पुलिस थाना चौकी का किया शुभारंभ



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने अपने प्रवास के दौरान बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम संबलपुर में नवीन पुलिस थाना चौकी का शुभारंभ किया। और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। क्षेत्र में अपराध को रोकने के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है। और बेहतर पुलिसिंग से क्षेत्र में हो रहे अपराध में लगेगी लगाम। इस अवसर पर दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसपी रामकृष्ण साहू सहित पुलिस प्रशासन की टीम मौजूद रहे।

## कारगिल में जौहर दिखाने वाले जाबांज सुबेदार संतोष 30 वर्ष की सेवा के बाद लौटे भिलाई, विधायक रिकेश ने किया अभिनंदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भारतीय सेना में जूनियर कमीशन अधिकारी पद से रिटायर्ड 30 वर्षों की सेवा देकर भिलाई का बेटा संतोष माली आज 12 बजे इंटरसिटी एक्सप्रेस से पावर हाउस रेलवे स्टेशन पहुंचे। पावर हाउस रेलवे स्टेशन पर उनका स्वागत कर गाजे बाजे के साथ किया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने उनकी अगुवानी कर नाम, नमक और निशान के प्रति वफादारी, शौर्य, साहस, त्याग, बलिदान के सबक को अपना कर सेवानिवृत्त हुए जाबांज सुबेदार संतोष को बधाई दी।

आपको बता दें कि 17 जून 1976 भिलाई-3 बजरंग पारा में माली परिवार में जन्में संतोष ने जनता स्कूल भिलाई-3 से 11वीं तक शिक्षा प्राप्त कर स्कूल के दौरान खेलों में एवं भारतीय स्काउट में भी जनता स्कूल का नाम रौशन किया था। 24 फरवरी 1994 को साढ़े 16 वर्ष की उम्र में भारतीय सेना में चयनित हुए। इनका प्रशिक्षण एक सैनिक के रूप में एओसी सिकंदराबाद में हुआ। सेना में बेस्ट ग्रुप सोल्जर और बेस्ट फायरर का मेडल प्राप्त किया गया! कमांडेए एओसी सेंटर द्वारा सम्मानित ट्रेनिंग के बाद 1995 में पहली पोस्टिंग अंबाला छावनी में हुई।



इसी दौरान 3 मई 1999 को कारगिल युद्ध ऑपरेशन विजय में एक सिपाही की बेहतर भूमिका अदा करने के बाद संतोष की दूसरी पोस्टिंग 1998 में श्रीनगर छावनी में हुई। खेलों में हमेशा रुचि रखते हुए 14 किमी रन में लगातार 4 साल प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल जीता। वो 2019 में भारतीय सेना में जूनियर कमीशंड अफसर बने। अपनी 30 साल सेवा के दौरान संतोष ने ऑटोमोबाइल एवं इंदिरा गाँधी ओपन यूनिवर्सिटी से सिक्योरिटी और इन्वेंटरी मैनेजमेंट डिप्लोमा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इंस्टिट्यूट ऑफ कोआपरेटिव मैनेजमेंट हैदराबाद से स्माल बिजनेस रूरल एंटर प्रेन्योरशिप में उन्हें प्रथम स्थान मिला। आज सुबेदार संतोष कुमार माली ने छत्तीसगढ़ के नौजवानों को भारतीय सेना में भर्ती होकर, अग्नीवीर में भर्ती होकर अपने देश का, माता पिता का नाम रौशन करने का संदेश देते हुए कहा कि मैं चाहता हूँ कि आप सब अग्निवीर में शामिल होकर सोल्जर बनें, सभी सोल्जर हों तो कोई भी दुश्मन देश हमारे देश पर आँख उठाने कि हिम्मत नहीं कर सकता।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अधिकारियों की बैठक लेकर की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, कहा-

# समस्याओं की गठरी न बांधे, त्वरित निराकरण करें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने आज बिलासपुर में अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों में प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाकर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी ठेकेदारों के भरोसे न रहकर स्वयं फील्ड का दौरा करें और कार्यों की प्रगति देखें। उन्होंने शासकीय काम-काज में आने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण पर जोर दिया। विधायक धरमजीत सिंह और श्री सुशांत शुक्ला तथा बिलासपुर के महापौररामशरण यादव भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अधिकारियों का परिचय लेने के बाद विभागवार कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने आसन्न गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल एवं मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए कार्ययोजना बनाकर सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी। उन्होंने इंजीनियरों से कहा कि कार्यालय से ज्यादा फील्ड में समय बिताएं। जानकारी के लिए केवल ठेकेदारों पर आश्रित न रहें। उन्होंने जल संसाधन विभाग में एक दशक से ज्यादा समय तक लंबित कामों पर नाराजगी जाहिर की। श्री साव ने जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में इनका समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्याएं बीमारी की तरह होती हैं। समय पर समाधान नहीं किए जाने पर नासूर बन जाती हैं। पीएचई विभाग द्वारा सड़क खोदने के बाद इसे खुला छोड़ दिया जाता है। उन्होंने इस तरह के कार्यों पर रोष जताते हुए काम हो जाने के बाद तुरंत सड़क ठीक करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि काम-काज का तौर-तरीका अब बदल गया है। बदले माहौल के अनुरूप अधिकारी अपने आप को ढाल लें। पुराना ढर्रा नहीं चलेगा।

उन्होंने एयरपोर्ट के काम में तेजी लाने को कहा। नाइट लैण्डिंग में आने वाली बाधाओं को दूर कर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ काम पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान चलाकर सड़कों की मरम्मत करने एवं गड्ढे पाटने को कहा। उप मुख्यमंत्री ने बिजली विभाग में किसानों के पम्प ऊर्जीकरण के लिए लम्बित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने को कहा।

## छत्तीसगढ़ बोर्ड की आधी परीक्षा समाप्त, परीक्षा पूर्व तैयारी से बच्चों को हुआ लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग जिले में 135 परीक्षा केन्द्रों में 30980 10वीं एवं 12वीं विद्यार्थियों का तनाव समाप्त हो गया है। क्योकि 10वीं की 3 पेपर व 12वीं के 04 पेपर समाप्त हो चुके है। इस सत्र में विद्यार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र में पूछे गये प्रश्नों के उत्तर देने में ज्यादा कठिनाई नहीं हुई। क्योकि जिला शिक्षा विभाग द्वारा प्रश्न बैंक के माध्यम से प्रतिदिन प्रश्नों के सटीक उत्तर लिखने की तैयारी जनवरी और फरवरी माह में प्राचार्यो और शिक्षकों के माध्यम से प्रतिदिन करायी गयी। जिसमें हमने उत्तर लिखने का भय व परीक्षा के भय समाप्त सा हो गया। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाई/हायर सेकेण्डरी की परीक्षा 01 मार्च 2024 से 23 मार्च 2024 तक आयोजित है। जिसमें 01 मार्च 2024 से 11 मार्च 2024 तक कलेक्टर द्वारा एवं जिला शिक्षा विभाग नियुक्त उड़न दस्ता दलों द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा पूर्व में गठित समिति द्वारा 157, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा 53, सहायक संचालक द्वारा 54, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा 36, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पाटन द्वारा 35 एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धमधा द्वारा 18 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया है।

# निगम का विशेष सभा 15 को: रिसाली के सभी मुक्तिधाम में केवल 100 रूपए में शव दाह के लिए लकड़ी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली परिषद ने संवेदनशील मामले में बड़ा निर्णय लिया है। रिसाली मुक्तिधाम की तर्ज पर पुरैना, डुण्डेरा, जोरातराई, नेवई क्षेत्र में भी अंतिम संस्कार के लिए नि:शुल्क लकड़ी उपलब्ध कराई जाएगी। उक्त निर्णय एमआईसी बैठक में लिया गया। खास बात यह है कि रिसाली निगम क्षेत्र के सभी मुक्तिधाम में एकरूपता और शोक संतप्त परिवारों को नि:शुल्क लकड़ी उपलब्ध कराने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पत्र लिखा था। महापौर ने संवेदना भरे पत्र को एमआईसी में प्रमुखता से रखवाया था।



महापौर शशि सिन्हा ने कहा है कि अंतिम संस्कार के लिए निगम क्षेत्र के सभी मुक्तिधाम में नि:शुल्क लकड़ी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि लकड़ी के साथ छेना या कंडा भी उपलब्ध कराया जाए। कंडा बनाने के लिए महिला समूहों को जोड़ा जाए। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर होगी। उल्लेखनीय है कि रिसाली निगम में अंतिम संस्कार किए जाने पर केवल 100 रूपए लेकर लकड़ी उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं अब यह व्यवस्था नेवई, डुण्डेरा एवं जोरातराई मुक्तिधाम में भी लागू होगी। महापौर परिषद की बैठक में चन्द्रभान सिंह ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, अनुप डे, सनीर साहू, सोनिया देवांगन, परमेश्वर कुमार, निगम सचिव रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

### जर्जर भवन को गिराया जाए

नवीन शहरी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के बीच आ रहे जर्जर पंप हाऊस को तोड़ने महापौर परिषद ने निर्णय लिया। वहीं वार्ड क्रमांक 37 जोरातराई गांधी चैक पर बने फौव्वारा को हटाने का भी निर्णय लिया। फौव्वारा पूर्ण रूप से खराब व जर्जर हो चुका है।

### जमीन तलाशे अधिकारी

निगम क्षेत्र में स्वीकृत शासकीय अस्पताल, कॉलेज, मंडी के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की है। महापौर परिषद ने निर्देश दिए कि रिक्त भूमि नहीं होने की वजह से राशि का उपयोग नहीं हो पा रहा है। अधिकारी बीएसपी से चर्चा कर जमीन आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाए।

### 15 को होगा बजट प्रस्तुत

महापौर शशि सिन्हा 15 मार्च को तीसरा बजट सदन में रखेगी। इसके लिए उन्होंने सामान्य सभा का विशेष सम्मिलन बुलवाया है। महापौर के पत्र पर सभापति केशव बंछोर ने मुहर लगा दी है। विशेष सामान्य सभा स्कूल भवन कार्यालय के सभागार में सुबह 10 बजे शुरू होगा।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# आईटी और आईटी आधारित अन्य सेवा प्रदाताओं के लिए छत्तीसगढ़ में भविष्य बहुत उज्ज्वलः मुख्यमंत्री साय

## मुख्यमंत्री साय तथा मंत्री चौधरी ने दो आईटी कम्पनियों को संचालन हेतु सौंपा बिल्ट-अप एरिया आवंटन आदेश

- राज्य शासन राज्य की अर्थव्यवस्था में सर्विस सेक्टर के योगदान को बढ़ाने के लिए कटिबद्धः ओपी चौधरी
- नवा रायपुर में 90 हजार वर्ग फीट बिल्ट-अप एरिया में काम करेंगी दो कंपनियां, 2200 युवाओं को मिलेगा रोजगार
- सीबीडी में आईटी इकाईयों के संचालन के लिए 2.80 लाख वर्गफीट बिल्ट-अप एरिया चिन्हांकित
- 10,000 कुशल रोजगार अवसरों का होगा सृजन





श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज दो आईटी कंपनियों मेसर्स स्क्वेयर बिजनेस सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद एवं मेसर्स रेडिकल माइंड्स टेक्नॉलाजिस प्राइवेट लिमिटेड को नवा रायपुर के सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट में 90 हजार वर्गफीट बिल्ट-अप एरिया का आबंटन आदेश सौपा। ये कंपनियां आईटी इकाईयों की स्थापना तथा संचालन करेंगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आईटी कंपनियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि नवा रायपुर को हम इनोवेशन हब के रूप में स्थापित कर रहे हैं।यहां बड़े पैमाने पर सर्विस सेक्टर को बढ़ावा देने की पहल राज्य सरकार द्वारा शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए हम नया रायपुर में इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना भी कर रहे हैं तथा बी.पी.ओ. एवं के.पी.ओ. को आकर्षित करने के लिए आई.टी. पार्क की स्थापना का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सर्विस सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक अधोसंरचना चाहिए। नवा रायपुर की संकल्पना के वक्त ही इसकी तैयारी कर ली गई थी और सर्विस सेक्टर की गतिविधियों के अनुरूप उपयुक्त इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हम हैदराबाद और बंगलूरू की तर्ज पर नवा रायपुर में आईटी और आईटी पर आधारित अन्य उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करेंगे।इसके लिए हम इन उद्योगों को फर्निश्ड बिल्डअप स्पेस दे रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज दो कंपनियों स्क्वायर बिजनेस सर्विस हैदराबाद तथा रेडिकल माइंड्स टेक्नालाजी प्राइवेट लिमिटेड को 90 हजार वर्गफीड बिल्टअप एरिया दे रहे हैं। इससे 2200 कुशल रोजगार सृजन हो सकेगा।अभी अन्य कंपनियों से भी हमारी चर्चा चल रही है और लगभग 1 लाख 60 हजार वर्ग फीट में इकाइयों के संचालन के लिए आवेदन अपेक्षित हैं। इससे लगभग 3800 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इन आईटी कंपनियों में काम करने वाले युवाओं के लिए उचित आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल से नवा रायपुर विकास प्राधिकरण समन्वय कर रहा है। छत्तीसगढ़ में जिस तरह से उच्च स्तर की तकनीकी संस्थाएं हैं उसके चलते आईटी और आईटी आधारित अन्य सेवा प्रदाताओं के लिए छत्तीसगढ़ में भविष्य बहुत उज्ज्वल है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नवा रायपुर में काम करने के बढ़िया वातावरण से निश्चित रूप से ही यह कर्मचारियों के लिए बहुत बेहतर कार्यक्षेत्र साबित होगा और इससे उनकी उत्पादकता बढ़ेगी।

इस मौके पर आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा की मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नवा रायपुर अटल नगर को इनोवेशन हब के रूप में विकसित किये जाने के संकल्प से नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा सर्विस सेक्टर उद्योगों को प्रोत्साहन दिए जाने हेतु अनुकूल नीति एवं परिस्थितियों का समग्र विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा की राज्य शासन राज्य की अर्थव्यवस्था में सर्विस सेक्टर के योगदान को बढ़ाने के लिए कटिबद्ध है। सर्विस सेक्टर की सहायता से राज्य की अर्थव्यवस्था तथा प्रति व्यक्ति आय को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा की इस अनुक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार, बेंगलुरु और हैदराबाद की तर्ज पर नवा रायपुर अटल नगर में आईटी हब की स्थापना करने जा रही है, जिसके प्रथम चरण में नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा सीबीडी, सेक्टर 21 में निर्मित रिटेल तथा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में लगभग 2,80,000 वर्ग फुट पर विभिन्न राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय आईटी कंपनियों को फर्निश्ड बिल्टअप का आबंटन किया जा रहा है। सरकार के इस प्रयास से प्रदेश के युवाओं हेतु लगभग 10,000 कुशल रोजगार का सृजन अपेक्षित है, इस संबंध में सरकार द्वारा प्रदेश के विभिन्न तकनीकी शिक्षा संस्थानों से आईटी कंपनियों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री साय और वित्त मंत्री चौधरी की मंशा के अनुरूप नवा रायपुर अटल नगर को इनोवेशन हब के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है, इसी क्रम में सर्विस सेक्टर उद्योगों को आकर्षित करने के लिए अनुकूल नीति एवं परिस्थितियां समग्र रूप से निर्मित की गई हैं, ताकि आईटी कंपनियां नवा रायपुर में अपनी इकाईयां लगाने के लिए प्रोत्साहित हो सकें। छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने की संकल्पना को साकार करने हेतु आईटी कंपनियों को आकर्षक दर तथा शर्तों पर फर्निशड बिल्ट-अप स्पेस आईटी-आईटीज इकाई स्थापित करने के लिए आबंटित किया जा रहा है। प्रदेश में युवाओं को आईटी सेक्टर में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय आईटी-आईटीज कंपनियों को प्रदेश के विभिन्न तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों से भी जोड़ा जा रहा है। प्राधिकरण द्वारा आईटी-आईटीज कंपनियों में कार्यरत युवाओं को उचित आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल से समन्वय भी स्थापित किया गया है।

नवा रायपुर अटल नगर, सेक्टर-21 में प्राधिकरण द्वारा बहुमंजिला रिटेल काम्प्लेक्स तथा कमर्शियल काम्प्लेक्स का निर्माण किया गया है। इस बहुमंजिला काम्प्लेक्स में आईटी-आईटीज कंपनियों को आबंटन हेतु लगभग 2 लाख 80 हजार वर्गफीट बिल्ट-अप क्षेत्रफल चिन्हांकित किया गया है। जिसमें आईटी-आईटीज संबंधित कार्यालयों के संचालन से लगभग 10,000 कुशल रोजगार अवसरों का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सृजन होगा। इस मौके पर राज्यसभा सांसद देवेन्द्र बहादुर सिंह, मुख्य सचिव अमिताभ जैन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

क्योंकि अपने हाथों में अपनेपन का जादू होता है...

# मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी ने अपने जन्मदिन पर आयोजित न्योता भोज में अपने हाथों से बनी खीर बच्चों को परोसी

## सीएम मैडम के जन्मदिन पर बच्चों ने भी खूब मस्ती, मैडम के गालों में लगाया केक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** अपने जन्मदिन के अवसर पर आयोजित न्योता भोज में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने अपने हाथों से बनी खीर और केक बच्चों को खिलाई और उन्हें ढेर सारा स्नेह दिया। न्योता भोज का आयोजन सरदार प्रीतम सिंह सैनी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला श्यामनगर में और शासकीय बालिका गृह खम्हारडीह में किया गया। उन्होंने अपने परिवार जनों और बच्चों के साथ न्योता भोज भी किया।

इस मौके पर श्रीमती साय ने बच्चों से पूछा कि खीर कैसी बनी है। बच्चों ने बताया कि खीर बहुत अच्छी बनी है। उन्होंने बच्चों को बताया कि अपने जन्मदिन पर हम लोग हमेशा खीर बनाते हैं। मेरे बच्चों को भी खीर बहुत प्रिय है। आप सब बहुत प्यारे बच्चे हैं इसलिए आपके लिए भी अपने जन्मदिन पर आज खीर बनाकर लाई हूं। कौशल्या साय ने बच्चों से पढ़ाई लिखाई और बच्चों की छोटी-छोटी शरारतों के बारे में ढेर सारी बातें की। उन्होंने स्कूल के शिक्षकों से भी बच्चों की पढ़ाई लिखाई के बारे में चर्चा की।

कौशल्या साय ने चर्चा में बताया कि उन्हें साय जी ने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अभियान संचालित कर रहे हैं। यह बहुत सुंदर अभियान है। इसके तहत प्रधानमंत्री जी ने सबसे आग्रह किया है कि अपना जन्मदिन और जीवन के खास अवसरों को स्कूली बच्चों के साथ मनाएं। वे बच्चों को भोजन कराएं और स्वयं बच्चों के साथ भोजन करें।

जब साय जी यह बता रहे थे, उसी समय मैंने निश्चय किया था कि मैं अपना जन्मदिन स्कूली बच्चों के साथ मनाऊंगी। जिस तरह से मैं हर साल अपने बच्चों के जन्मदिन पर खीर बनती हूं। उसी तरह से इस बार भी मैं अपने हाथों से खीर तैयार करूंगी और स्कूली बच्चों को खिलाऊंगी। आज बच्चों ने बहुत रुचि से खीर खाई। यह मेरा सौभाग्य है कि उन्हें मेरे हाथों की बनाई हुई खीर पसंद आई है। आज मेरा जन्मदिन सफल हुआ। उन्होंने कहा कि न्योता भोज बहुत सुंदर आयोजन है। इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इससे छोटे छोटे प्यारे से बच्चों के साथ बातचीत करने का मौका मिलता है।

बच्चे बहुत रुचि से पकवान खाते हैं। उन्हें बहुत रुचि से खाना खाते देखकर बहुत अच्छा लगता है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के पश्चात छत्तीसगढ़ में लगातार जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक न्योता भोज कर रहे हैं। आज कौशल्या साय का जन्मदिन है और उन्होंने भी इसे न्योता भोज के रूप में मनाया।

### शुभ मौके पर खीर खिलाने की परंपरा वेदों से जुड़ी

भारतीय और छत्तीसगढ़ की परंपरा में जन्मदिन के अवसर पर खीर बनाई जाती है। लोग जन्मदिन में खीर खिलाकर मुंह मीठा कराते हैं। यह हमारी सनातन परंपरा है। जब भी कोई शुभ मौका होता है तो मुंह मीठा कराया जाता है। वैदिक काल से ही इस परंपरा की शुरुआत हुई। वेदों में खीर को क्षीरपाकमोदनम भी कहा गया है। खीर का इतना महत्व है कि अनुश्रुति है कि माता गंगा धरती पर सप्तऋषियों के आशीर्वाद युक्त मंगल खीर लेकर उतरी हैं।

# हितग्राही मूलक योजनाओं को अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंचाना करें सुनिश्चितः बृजमोहन अग्रवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** शिक्षा एवं नारायणपुर जिले के प्रभारी मंत्री बृजमोहन अग्रवाल नारायणपुर जिले के एक दिवसीय प्रवास पर थे। मंत्री अग्रवाल ने जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर यह निर्देश दिया कि केन्द्र एवं राज्य शासन के फ्लैगशिप योजनाओं का क्रियान्वयन त्वरित गति से करते हुए इसे अंतिम पंक्ति के हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

प्रभारी मंत्री अग्रवाल ने बैठक में सभी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति का समीक्षा लेते हुए कहा कि जिले में बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे मूलभूत सुविधा और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं को प्राथमिकता से जल्द पूर्ण करें। मंत्री श्री अग्रवाल ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जो स्कूल भवन और बाउंड्रीवाल विहीन है उनका सर्वे कराकर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना की जानकारी लेते हुए कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिले के एक भी पात्र बहने इस योजना से वंचित न रहे। यह योजना सतत प्रक्रियाधीन रहेगी, उन्होंने कहा कि बेटी की विवाह के तुरंत बाद उसके आवेदन को प्राथमिकता से लेते हुए ऑनलाईन पंजीयन कराने का निर्देश दिए।

मंत्री अग्रवाल ने कृषि विभाग की समीक्षा में जिले के किसानों की धान बोनस राशि अंतरण की जानकारी लेते हुए सहकारिता विभाग के नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन किसानों का बोनस राशि अब तक उनके खाते में अंतरण नही हुई हैं उनका एक सप्ताह के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी लेते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया कि अप्रारंभ प्रधानमंत्री आवास को 15 दिवस के भीतर प्रारंभ कराएं, ताकि लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो सके। प्रभारी मंत्री अग्रवाल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में 412 गांव है, जिन गांवों में नल जल योजना प्रारंभ नहीं हुई है, वहां कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। उद्यनिकी विभाग द्वारा संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी लेते हुए जिले को अलग पहचान बनाने के लिए लीची और चीकू जैसी बागवानी फसलों की खेती को बढ़ावा देने की बात कही। राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री ने सड़क निर्माण कार्य की जानकारी लेकर बरसात के पूर्व सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसी प्रकार सिंचाई, विद्युत, लोक निर्माण विभाग और जनपद पंचायत विभाग के कार्यो का समीक्षा कर हितग्राही मूलक कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने निर्देशित किया।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243






















## 10वें दिन लापता लेडीज की कमाई में मामूली बढ़त



किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई कर रही है। 1 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म के निर्माता आमिर खान हैं।फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज का दूसरा सप्ताह चल रहा है और शैतान के दस्तक देने के बाद भी यह अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए हैं।अब लापता लेडीज की कमाई के 10वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, लापता लेडीज ने रिलीज के 10वें दिन 1.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 8.75 करोड़ रुपये हो गया है।टिकट खिड़की पर लापता लेडीज का मुकाबला अजय देवगन की शैतान और यामी गौतम की आर्टिकल 370 से हो रहा है।इनके अलावा शाहिद कपूर और कृति सैनन की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया भी पिछले चार सप्ताह से बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है। लापता लेडीज की कहानी घूंघट की आड़ में 2 नई नवेली दुल्हनों की अदला-बदली पर आधारित है।फिल्म में स्पर्श श्रीवास्तव, नितांशी गोयल और रवि किशन जैसे सितारे मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं।टीवी की अभिनेत्री प्रतिभा रांटा ने इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा है। उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हो रही है। लापता लेडीज सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद जियो सिनेमा पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।

## शिमरी साड़ी में यूं इतराई जान्हवी कपूर

बी-टाउन की खूबसूरत हसीनाओं में से एक जाह्नवी कपूर हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर अक्सर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर से नजरें नहीं हटा पाते हैं। हाल ही में जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक से इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है।

# एक्ने प्रोन स्किन के लिए ट्राई करें टमाटर के ये आसान फेस पैक

**खिल उठेगी स्किन**

अक्सर एक्ने प्रोन स्किन वाले लोग अपनी स्किन की समस्याओं से परेशान रहते हैं। बाज़ार में मिलने वाले केमिकल प्रोडक्ट से लेकर घरेलू नुस्खे तक, सब कुछ आजमा कर देख लिया, पर कोई खास फर्क नहीं पड़ता। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपके किचन में मौजूद एक सामान्य सब्जी, टमाटर, आपकी स्किन की इस समस्या का समाधान कर सकता है टमाटर में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और विटामिन सी की भरपूर मात्रा होती है, जो न केवल एक्ने को कम करने में मदद करती है, बल्कि स्किन को निखारने में भी मदद करता है। हम आपको टमाटर से बने कुछ आसान फेस पैक्स के बारे में बताएंगे, जिन्हें आजमाकर आप अपनी स्किन को खिला-खिला बना सकते हैं।



### टमाटर और शहद का फेस पैक

टमाटर का रस और शहद को मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर हल्के गरम पानी से धो लें। शहद एंटी-बैक्टीरियल होता है, जो एक्ने को कम करने में मदद करता है।

### टमाटर और नींबू का फेस पैक

टमाटर के रस में नींबू के रस की कुछ बूँदें मिलाएं। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट बाद धो लें। नींबू में मौजूद विटामिन सी स्किन को ब्राइट करता है और एक्ने के निशान को कम करता है।

### टमाटर और दही का फेस पैक

टमाटर का पल्प और दही को मिलाकर एक स्मूथ पेस्ट बनाएं। इसे चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट तक छोड़ दें। दही स्किन को मॉइस्चराइज करता है और टमाटर के साथ मिलकर एक्ने को कम करता है।

### टमाटर और ओटमील का फेस पैक

टमाटर के रस में ओटमील पाउडर मिलाएं ताकि एक गाढ़ा पेस्ट बन जाए। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर 15-20 मिनट के लिए लगाएं और फिर धो लें। ओटमील एक प्राकृतिक एक्सफोलिएटर है जो मृत त्वचा को हटाने और एक्ने को कम करने में मदद करता है।

### टमाटर और एलोवेरा का फेस पैक

टमाटर के रस में एलोवेरा जेल मिलाएं और चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट बाद इसे धो लें। एलोवेरा जेल स्किन को मॉइस्चराइज करता है और इसमें एंटी-इन्फ्लेमेटोरी गुण होते हैं, जो एक्ने और लालिमा को कम करते हैं।

## फिल्म गामी ने दुनिया भर में 20.30 करोड़ से अधिक की कमाई की

विश्वक सेन की अनूठी फिल्म, गामी अपने बजट के बावजूद, बॉक्सऑफिस पर सफल साबित हो रही है। सीमित बजट पर बनी इस फिल्म को इसकी अनोखी कहानी, गैर-रेखीय कथा शैली, शानदार प्रदर्शन और असाधारण तकनीकी और उत्पादन मूल्यों के लिए सर्वसम्मति से चर्चा मिली।

गेमी ने अपने तीन दिनों के प्रदर्शन में दुनिया भर में 20.30 करोड़ से अधिक की कमाई की और यह सभी क्षेत्रों में सभी खरीदारों के लिए एक लाभदायक उद्यम बन गया है। जहां फिल्म दो दिन में ही ज्यादातर इलाकों में ब्रेक ईवन के आंकड़े तक पहुंच गई थी, वहीं बाकी इलाकों में तीसरे दिन यह आंकड़ा हासिल कर लिया है। यह फिल्म संयुक्त राज्य अमेरिका में पांच लाख के आंकड़े के करीब है।

आलोचकों की सराहना जीतने के अलावा, गामी एक बड़ी व्यावसायिक हिट बन रही है। विद्याधर कगीता, विशाख सेन और अन्य लोगों द्वारा की गई सारी मेहनत का फल बॉक्स ऑफिस पर फिल्म के उल्लेखनीय प्रदर्शन से मिला। यह फिल्म 7 साल से अधिक समय से बन रही थी और इसकी स्क्रिप्टिंग चरणों के दौरान यह उभरती रहती है।

## शैतानी रस्में में डायन का किरदार निभाने पर श्रीजिता डे ने की खुलकर बात

शैतानी रस्में मे छाया डायन का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस श्रीजिता डे ने शो में अपनी भूमिका पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि उन्हें सुपरनैचुरल किरदारों से गहरा लगाव है।




अपनी भूमिका के बारे में बोलते हुए श्रीजिता ने कहा, मैंने पहले एक चुड़ैल का किरदार निभाया, लेकिन यह पहली बार है कि मैं एक डायन का अवतार ले रही हूं। असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल करने की क्षमता के कारण मुझे सुपरनैचुरल नाटकों से गहरा लगाव है। मेरा किरदार असाधारण रूप से मजबूत और 200 साल की उम्र वाली एक महिला का है, जिसकी शक्ति उसकी चोटी में होती है।

उतरन फेम एक्ट्रेस ने कहा, उनकी उपस्थिति आकर्षण और मोहक है, जो उनकी मनमोहक सुंदरता के साथ उनके प्रभाव को बढ़ाती है। तैयारियों के बारे में बात करते हुए बिग बॉस 16 की प्रतियोगी ने कहा, एक सुपरनैचुरल शो में डायन या चुड़ैल की भूमिका निभाने के लिए अच्छी तरह से की गई तैयारी बेहद जरूरी है जिसमें खुद को पूरी तरह से डुबोना पड़ता है।

एक्ट्रेस ने आगे कहा, इस तरह की भूमिका निभाने के लिए मैंने खुद को पूरी तरह से समर्पित करने के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। इस किरदार को निभाने के लिए व्यापक तैयारी की गई थी। शैतानी रस्में स्टार भारत पर प्रसारित होता है।

## पूजा भट्ट स्टारर बिग गर्ल्स डोंट क्राई का ट्रेलर हुआ रिलीज, गर्ल-पॉवर पर बेस्ड हैं ये अनोखी सीरीज

प्राइम वीडियो ने आज अपनी आगामी ओरिजिनल हिंदी सीरीज, बिग गर्ल्स डोंट क्राई का ट्रेलर लॉन्च किया। इस सीरीज में अवंतिका वंदनापु (लूडो), अनीत पद्दा (रूही), दलाई (प्लगी), विदुषी (काव्या), लाक्यिला (जे।सी।), अफरा सैयद (नूर), और अक्षिता सूद (दीया) जैसे प्रतिभाशाली सितारे मुख्य भूमिकाएं निभा रहे हैं। इनके साथ पूजा भट्ट, राइमा सेन, ज़ोया हुसैन और मुकुल चड्ढा केंद्रीय भूमिकाओं में हैं।




नित्या मेहरा द्वारा तैयार की गई इस सीरीज का सह-निर्देशन नित्या मेहरा, सुधांशु सरिया, करण कपाड़िया और कोपल नैथानी ने किया है। सीरीज में से हर व्यक्ति ने अपने बोर्डिंग स्कूल के अनुभवों के आधार पर कहानी में एक निजी अहसास जोड़ा है। बिग गर्ल्स डोंट क्राई का प्रीमियर 14 मार्च को होने जा रहा है।

ट्रेलर मशहूर वंदना वैली में चल रही बोर्डिंग लाइफ की एक झलक दिखलाता है। वहां सात लड़कियों का एक समूह स्कूल कैंपस पर राज करने के पक्के इरादे से, स्कूल में अपने अंतिम वर्ष की तैयारी कर रहा है। एक बाहरी लड़की काव्या यादव, दोस्त बनाने और शानदार जिंदगी जीने की उम्मीद लेकर कैंपस में दाखिल होती है। नूर की नजरें स्कूल की कप्तानी करने पर टिकी हैं, जबकि लूडो स्पोर्ट्स की कप्तानी हासिल करने के चक्कर में है। रूही और जे।सी। अपने सौंदर्य-व्यवसाय को सफल बनाने में जुटी हुई हैं, तो प्लगी ने खुद की भव्य और विशाल योजनाएं बना रखी हैं। विद्रोही-कवयित्री दीया, क्लास की घंटी बजने से पहले ही स्कूल की दीवार फांद जाने के मंसूबे बांधती है।

वंदना वैली की प्रिंसिपल बनीं पूजा भट्ट का कहना है कि मैंने बिग गर्ल्स डोंट क्राई में काम करने के लिए इसलिए हामी भरी थी कि इसकी कहानी, माहौल और किरदारों ने मुझ पर जादू कर दिया था। अपने मन की बात खुल कर कहने और अधिकारपूर्वक सवाल पूछने से कभी न कतराने वाली एक बागी टीनएजर होने के नाते, मुझे अनीता वर्मा का किरदार निभा कर बड़ा मजा आया। सीरीज में लूडो का किरदार निभा रहीं अवंतिका ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, लूडो जैसी भूमिका निभाने का मौका जिंदगी में कभी-कभार ही मिलता है। जब भी मुझे नित्या मेहरा और आशी दुआ जैसी कमाल की महिलाओं के साथ काम करने और सेट पर साथी लड़कियों के साथ समय गुजारने की याद आती है, तो मैं कृतज्ञता से भर उठती हूं।

## गर्मी का मौसम: ठंडक का अहसास देंगी ये आइसक्रीम

**आसान है इनकी रेसिपी**

गर्मियों के आते ही शरीर से पसीना निकलना शुरू हो जाता है। तेज धूप के कारण शरीर में गर्मी बढ़ जाती है, जो पेट संबंधी समस्याएं पैदा कर सकती है।ऐसे मौसम में कुछ ऐसा खाने का मन करता है, जिसके जरिए शरीर को ठंडक का अहसास हो। अगर आप भी खान-पान के जरिए ठंडा महसूस करना चाहते हैं तो आइसक्रीम खाना ठीक रहेगा।इन 5 आसान रेसिपी के जरिए आप स्वादिष्ट आइसक्रीम घर पर बना सकते हैं।



### कृष्णकमल फल की आइस पॉप

कृष्णकमल के फल को पैशन फ्रूट भी कहा जाता है, जिससे आप आइस पॉप बना सकते हैं। इसे बनाने के लिए 340 ग्राम कृष्णकमल के फल के गूदे को 2 गिलास नारियल के पानी में मिला दें।बीज हटाने के लिए छान लीजिए। मिश्रण को आइस पॉपसिकल के सांचे में डालें। सभी सांचों में इस फल के कुछ बीज डालें, फिर लकड़ी की छोटी छड़ियां डालें और कम से कम 6 घंटे के लिए जमा दें।

### फ्रोजन हनी आइसक्रीम

इस आइसक्रीम को बनाने के लिए एक कटोरे में प्लास्टिक रैप या बेकिंग पेपर लगाएं। एक अलग बड़े कटोरे में क्रीम को कुछ देर तक फेंटें।अब इसमें शहद और 1 चुटकी नमक डालें। पहले वाले कटोरे में इस तैयार क्रीम के मिश्रण को डालें और कम से कम 2 घंटे के लिए फ्रीजर में जमने दें।जम जाने पर इसे ब्लू-बेरी, स्ट्रॉबेरी, केले या अपने मनपसंद फलों के साथ खाएं।

### फ्रूट सलाद आइसक्रीम

सबसे पहले 1 लीटर के टिन में प्लास्टिक रैप लपेट दें। अब क्रीम लें और नरम होने तक फेंटें। इसमें दही और गाढ़ा दूध डालें और 2 मिनट तक फेंटें।क्रीम मिश्रण का 1/4 हिस्सा टिन में डालें और फिर ऊपर से कटे हुए फल डालें और इस प्रक्रिया को दोहराते रहें।इसे प्लास्टिक रैप से लपेटकर सख्त होने तक कम से कम 4 घंटे के लिए फ्रीजर में रखें। इसे निकालकर प्लास्टिक हटाएं और काटकर परोसें।

### चेरी आइसक्रीम

चेरी आइसक्रीम बनाने के लिए चेरी को मोटा-मोटा काटकर पीस लें। अब इसमें चीनी और दूध मिलाएं और तेज गति पर 5 मिनट फेंटें, जब तक चीनी घुल न जाए।इस तैयार मिश्रण को एक बड़े बर्तन में निकालें और 4 घंटे या रातभर के लिए जमने दें।ताजी चेरी को आप फ्रीज करके भी रख सकते हैं। इसके लिए पहले इन्हें धोएं, फिर सुखाएं और एक एयरटाइट कंटेनर में लंबे समय तक फ्रीज करें।

**जानकारी**

**कैंसर से लेकर दिल की बीमारियों का खतरा करेगी कम**

# गजब फायदेमंद है बैंगनी रंग की पत्ता गोभी

सब्जियां सेहत के लिए जबरदस्त फायदेमंद होती हैं. इन्हें खाने से शरीर को भरपूर प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन और फाइबर जैसे पोषक तत्व मिल जाते हैं। इनके सेवन से अनगिनत फायदे भी होते हैं। सबसे ज्यादा फायदे वाली सब्जी में करेला, पालक या ब्रोकोली का नाम आता है लेकिन बैगनी रंग की पत्तागोभी में भी कई गुण पाए जाते हैं। इसलिए इसे पावरफुल सब्जियों में रखा जाता है। अभी तक आपने हरे रंग की पत्ता गोभी खाया होगा लेकिन बैंगनी पत्तागोभी काफी ज्यादा फायदे वाला है। इसमें जरूरी विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट भर-भरकर पाए जाते हैं। इनके सेवन से शरीर को कई फायदे होते हैं। आइए जानते हैं बैंगनी पत्तागोभी खाने से शरीर को कितना लाभ मिलता है।



**बैंगनी पत्तागोभी के फायदे**

### हार्ट डिजीज और कैंसर का खतरा कम करे

बैंगनी पत्तागोभी में एंथोसायनिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो शरीर में हानिकारक फ्री रेडिकल्स को बेअसर कर ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने का काम करते हैं। इससे कैंसर और हार्ट की बीमारियों का खतरा कम होता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जिससे शरीर का सूजन कम होता है और गठिया, अस्थमा जैसी समस्याओं को कम करने में मदद मिल सकती है।

### दिल की सेहत के लिए फायदेमंद

बैंगनी पत्तागोभी में फ्लेवोनोइड्स और पॉलीफेनोल्स जैसे कंपाउंड पाए जाते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम कर ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाते हैं और ब्लड प्रेशर की समस्या को कम कर दिल की सेहत को दुरुस्त रखने का काम करते हैं।

### इम्यूनिटी बूस्टर और पाचन के लिए बेहतर

बैंगनी पत्तागोभी विटामिन सी से भरपूर होती है। ये सफेद रक्त कोशिकाओं और एंटीबॉडी का उत्पादन बढ़ाकर इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने का काम करती है। इससे शरीर संक्रमण और बीमारियों से बचती है। फाइबर का बढ़िया सोर्स होने से बैंगनी पत्तागोभी पाचन को भी बेहतर बनाने के काम आते हैं।

### वजन कंट्रोल करे

बैंगनी पत्तागोभी में कैलोरी, फैट कम और फाइबर ज्यादा पाए जाते हैं, जो वजन को कम कर पाचन को बेहतर बनाते हैं। इनके सेवन से भूख अच्छी लगती है। इनमें सल्फर यौगिक पाए जाते हैं, जो लिवर के कार्य करने की क्षमता को अच्छा करने का काम करते हैं। इसके सेवन से शरीर से विषाक्त पदार्थ आसानी से बाहर निकल जाते हैं।

### हड्डियां होती हैं मजबूत

बैंगनी गोभी में कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे जरूरी खनिज पाए जाते हैं, जो हड्डियों को मजबूत और हेल्दी बनाने का काम करते हैं। बैंगनी पत्तागोभी का अगर नियमित तौर पर सेवन किया जाए तो ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने और हड्डियों के घनत्व में सुधार होती है।

## शैतान का वर्ल्डवाइड ताबड़तोड़ कलेक्शन फिल्म ने की बजट से ज्यादा कमाई

अजय देवगन और आर माधवन की थ्रिलर-एक्शन फिल्म शैतान दर्शकों को खूब एंटरटेन कर रही है। फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और शुरुआत से ही दमदार कमाई कर रही है। शैतान ना सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ऑडियंस की वाहवाही लूट रही है बल्कि वर्ल्डवाइड भी खूब नोट कमा रही है। शैतान ने पहले दिन दुनियाभर में 22।5 करोड़ रुपए की शानदार ओपनिंग की थी। दूसरे दिन फिल्म ने 25।4 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। वहीं संडे को फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर शानदार बढ़ोतरी मिली और फिल्म ने 27।1 करोड़ का ताबड़तोड़ कलेक्शन किया और अब महज तीन दिनों में फिल्म ने वर्ल्डवाइड कुल 75 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो शैतान का बजट 60-65 करोड़ रुपए है और सिर्फ तीन दिनों के वर्ल्डवाइड कलेक्शन में फिल्म ने अपनी लागत निकाल ली है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी शैतान अच्छा कारोबार कर रही है।



शैतान गुजराती फिल्म वश का रीमेक है। फिल्म को विकास बहल ने डायरेक्ट किया है और खुद अजय देवगन ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में अजय देवगन और आर माधवन के अलावा ज्योतिका और जानकी बोड़ीवाला लीड रोल में हैं। अजय देवगन इस साल कई फिल्मों के साथ सिनेमाघरों में दस्तक देने वाले हैं।

शैतान के बाद एक्टर की फिल्म मैदान भी 23 जून को रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके बाद अजय औरों में कहां दम था और रेड 2 में दिखाई देंगे। रेड 2 इसी साल 24 नवंबर को थिएटर्स में दस्तक देगी। इसके अलावा उनके पास रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन भी पाइपलाइन में है। सिंघम अगेन में अजय देवगन के साथ रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और अर्जुन कपूर भी दिखाई देंगे।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### राज्य खेल अलंकरण समारोह-2024 : राज्य के खेल प्रतिभाओं का 14 को होगा सम्मान

**रायपुर।** राज्य के खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए 14 मार्च को राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य में स्वीकृत 31 खेलो इण्डिया लघु केन्द्र, खेलो इंडिया सेन्टर, राज्य की सभी खेल अकादमियां एवं विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं का 120 सेकेण्ड अवधि का वीडियो स्पॉट एच डी फॉरमेट में निर्माण कर 12 मार्च तक अनिवार्य रूप से संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण को उपलब्ध कराने कहा गया है। ज्ञात हो देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा प्रारंभ की गई खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के 31 जिलो में खेलो इण्डिया सेंटर्स की स्वीकृति दी गई है। इसमें राज्य के नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर, जशपुर, बलरामपुर, दंतेवाड़ा, सरगुजा, जैसे आदिम जनजाति बाहुल्य जिले भी सम्मिलित है। इसी तरह 31 खेलो इंडिया सेंटर के साथ- साथ भारत सरकार द्वारा राज्य के बिलासपुर में भी तीन खेलो-हॉकी, एथलेटिक और तीरंदाजी के लिए खेलो इंडिया एक्सिलेंस सेंटर की स्वीकृति दी गई है, जिसमें खिलाडियों के लिए आधुनिक खेल उपकरण तथा प्रशिक्षण हेतु अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय प्रशिक्षक, फिजियोथेरेपिस्ट आदि अन्य सुविधाएं हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। राज्य के नारायणपुर जिले में मलखम्भ, बीजापुर, दंतेवाड़ा, महासमुंद और बिलासपुर के शिवतराई में तीरंदाजी, गरियाबंद में व्हॉलीबॉल, सरगुजा, बलौदाबाजार, सुकमा, बलरामपुर, कोरबा, सूरजपुर, मुंगेली, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और सक्ति में फुटबॉल, जशपुर, राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा और बस्तर में हॉकी, बालोद और रायपुर में वेटलिफ्टिंग, कबीरधाम, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, बेमेतरा और दुर्ग के पाटन में कबड्डी, कांकेर में खो-खो, रायगढ़ और कोरिया में बैडमिंटन, धमतरी में कुश्ती, कोण्डागांव में आरचरी खेल का सेन्टर स्थापित है।

### मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने विकास कार्यो में प्रगति लाने के दिए निर्देश

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े एक दिवसीय प्रवास पर अपने प्रभार जिले बलरामपुर-रामानुजगंज पहुंची। उन्होंने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। श्रीमती राजवाड़े ने शासकीय योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को सक्रियता से पहुंचाने के साथ विकास कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्वच्छता, स्वास्थ्य, पेयजल के कार्यो को प्राथमिकता से कर लोगों को बुनियादी सुविधाओं को सुलभ कराने के निर्देश भी दिये। राजवाड़े कहा कि आमजनता की समस्याओं को सुनने के साथ उनका निराकरण भी समय पर करना सुनिश्चित किया जाए। राजवाड़े ने कहा कि विकास के लिए आपसी समन्वय कर आगे बढ़ना है। सन् 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है, इसी के तहत् विकास कार्यों में प्रगति लाते हुए बलरामपुर जिले को भी विकसित बनाना है। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए अभियान चलाकर उन्हें उचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बैठक में महतारी वंदन योजना, आंगनबाड़ी भवनों की स्थिति, बाल संरक्षण की इकाई, सखी वन स्टॉफ सेन्टर की भी समीक्षा की गई। राजवाड़े ने समाज कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए पेंशन योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने दिव्यांगजनों को अच्छी गुणवत्ता वाले उपकरण प्रदान करने तथा दिव्यांग छात्रों को प्रोत्साहन राशि निश्चित समयावधि देने को कहा।

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 'अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन @2047' विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने पर कार्य शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं राज्य नीति आयोग के अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने अपने निवास कार्यालय में ''अमृतकालः छत्तीसगढ विजन @2047'' संबंधित विजन डॉक्यूमेंट बनाने की कार्ययोजना पर सभी विभागो के भारसाधक सचिवो के साथ बैठक ली। बैठक में मंत्री, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी ओ.पी. चौधरी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने सम्बोधन में कहा कि 15 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री के द्वारा देश की आजादी के 100 वर्ष की पूर्णता पर 2047 तक राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु विजन साझा किया गया है, तथा अपेक्षा की गई है कि सभी राज्य विकसित भारत @2047 को साकार करने के लिए राज्य स्तर की नीतियों, कार्यक्रम व संसाधनों का प्रभावी क्रियान्वयन व उपयोग सुनिश्चित करें।

साथ ही राज्य की खूबियों को पहचान कर अपेक्षित प्रगति प्राप्ति हेतु प्रभावी रणनीति व कार्ययोजना का समावेश कर विजन तैयार करें। इसी परिप्रेक्ष्य में, छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा आगामी राज्य स्थापना दिवस दिनांक 01 नवम्बर 2024 को राज्य का विजन डॉक्यूमेंट ''अमृतकालः छत्तीसगढ विजन @2047'' जारी किये जाने हेतु संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट में राज्य हेतु संभावित विकास क्षेत्रों जैसे कि ईन्फास्ट्रक्चर विकास, कृषि आधुनीकीकरण, शिक्षा व कौशल विकास, आधारित विकास, निवेश को प्रोत्साहन, खनिज संसाधनो का प्रभावी उपयोग, रिन्यूवेबल एनर्जी, कॉटेज इंडस्ट्री विकास, प्रभावी फिस्कल व टैक्स पॉलिसी व तकनीक का उपयोग, छोटे एवं लघु उद्योगों को प्रोत्साहन, फूड प्रोसेंसिंग मिलेट्स, टूरिज्म विकास, स्वास्थ्य व पोषण, जनजाति विकास, ग्रामीण विकास, नगरीय विकास हेतु - रणनीति व कार्ययोजना का समावेश होगा। जिसके आधार पर संबंधित विभाग अपने-अपने सेक्टर में अपेक्षित प्रगति प्राप्त कर विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना में महती भूमिका सुनिश्चित करेंगे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य नीति आयोग द्वारा बेस्ट प्रेक्टिस संकलन हेतु तैयार किये गये ऑनलाईन डिजिटल पोर्टल 'नवोन्मेष पोर्टल' का लोकार्पण किया। इस पोर्टल का उद्देश्य बेस्ट प्रेक्टिसेस का प्रभावी व एक स्थान पर संकलन किया जाना है। जिसे अन्य जिले व विभाग संज्ञान में लेते हुये अपने कार्य क्षेत्रों में भी लागू करने हेतु प्रेरित होंगे तथा योजनाओं, गतिविधियों अंतर्गत बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकेंगे।

योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री ओ. पी. चौधरी ने विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने हेतु प्रस्तावित रणनीति पर विमर्श बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बजट में की गई घोषणा के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन आगामी राज्य स्थापना दिवस 01 नवम्बर 2024 को राज्य का विजन डॉक्यूमेंट ''अमृतकालः छत्तीसगढ विजन @2047'' जारी किये जाने हेतु संकल्पित है।

चौधरी ने कहा कि 'सर्वसमेकित विकास' एवं 'विकास की धारा में कोई पीछे न छूटे' की अवधारणा के साथ विकसित राष्ट्र व राज्य की परिकल्पना की गई है। राज्य के त्वरित विकास की अवधारणा में कुल 10 आधारभूत रणनीतिक स्तंभ का चिन्हांकन किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से (गरीब, यूवा, अन्नदाता एवं नारीशक्ति) हमारे आर्थिक एवं सामाजिक विकास के केन्द्र बिन्दु होंगे। उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट में लघु (5 वर्ष), मध्यम (10 वर्ष) एवं दीर्घकाल (25 वर्ष) हेतु सेक्टरवार रणनीतियो का समावेश होगा। रणनीति के साथ विजन डॉक्यूमेंट में- सेक्टरवार क्रियांवयन बिन्दुओं का भी समावेश होगा। विमर्श बैठक में अजय सिंह, उपाध्यक्ष, राज्य नीति आयोग द्वारा जानकारी दी गई कि राज्य नीति आयोग द्वारा विभागो, जिला प्रशासन के अधिकारियों, इंडस्ट्री, सिविल सोसायटी, युवा व आम-जन से सुझाव प्राप्त कर सर्व समेकित विजन डॉक्यूमेंट को तैयार किया जाएगा। नीति आयोग, नई दिल्ली से भी आवश्यकतानुसार समन्वय किया जाएगा। उन्होंने अपेक्षा कि की सभी विभाग इस विजन डॉक्यूमेंट को तैयार करने में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। अमिताभ जैन, मुख्य सचिव, छ.ग. शासन द्वारा सभी विभागो के सचिवो से राज्य नीति आयोग से पर्याप्त समन्वय, आवश्यकतानुसार डाटा फीड बैक प्रदाय हेतु परामर्श दिया गया, जिससे कि विजन डॉक्यूमेंट निर्धारण में सभी विभागो की सहभागिता सुनिश्चित हो। बैठक में विजन डॉक्यूमेंट निर्धारण हेतु की जाने वाली चरणबद्ध कार्यवाही व उनकी समय-सीमा पर अनूप कुमार श्रीवास्तव, सदस्य सचिव द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में डॉ. के. सुब्रमणियम, सदस्य, राज्य नीति आयोग व सभी विभागो के भारसाधक सचिव उपस्थित रहे।

## बस्तर के विकास को गति के लिए बेहतर ढंग से कार्य करें: प्रभारी मंत्री अग्रवाल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** शिक्षा मंत्री और बस्तर जिले के प्रभारी मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए विकसित बस्तर बनाना होगा। बस्तर के विकास के लिए सभी अधिकारी पूरी संवेदनशीलता और समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे बस्तर का तेजी से विकास हो सके। उन्होंने कहा कि बस्तर की शिल्पकलाओं की अलग पहचान है इनकी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मांग है। यहां के शिल्पकारों को चिन्हांकित कर प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। श्री अग्रवाल आज जगदलपुर जिला मुख्यालय में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयान की समीक्षा कर रहे थे।

प्रभारी मंत्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की समीक्षा करते हुए नगरनार एवं किलेपाल में नवीन कॉलेज खोलने के लिए जमीन चिन्हाकन की जानकारी ली और कॉलेज भवन, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के लिए आवास सहित खेल मैदान इत्यादि के निर्माण हेतु 15-15 एकड़ भूमि चिन्हित कर आरक्षित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने चित्रकोट जलप्रपात स्थल में विकास कार्यों को तेजी से करने पर जोर देते हुए लाईट एण्ड साउण्ड शो को प्रारंभ करवाने हेतु समुचित विद्युत आपूर्ति के लिए जल्द ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने का निर्देश दिए। उन्होंने कृषक उन्नति योजना के तहत जिले के किसानों के खातों में अंतर की राशि वितरण की स्थिति की जानकारी ली और कहा कि सहकारिता विभाग एवं कृषि विभाग के द्वारा पात्र हितग्राही के खातों का आधार सिडिंग सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही करते हुए राशि हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें।

प्रभारी मंत्री अग्रवाल ने नियद नेल्लानार सहित केन्द्र और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने ग्रीष्मकालीन पेयजल आपूर्ति हेतु पुख्ता व्यवस्था करने पर जोर दिया। इसी प्रकार शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी से संबंधित योजनाओं को विशेष फोकस कर लक्ष्य निर्धारित करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में मरम्मत योग्य स्कूलों के सुधार कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण कराएं। ऐसे स्कूल जहां एक एकड़ से अधिक जमीन हो उन जगहों पर वन विभाग के समन्वय से वृक्षारोपण करवाने की पहल की जाए। साथ ही स्कूलों में स्मार्ट क्लास संचालन कर स्कूली बच्चों को आधुनिक पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध करायी जाए। इस हेतु बैंकों के सीएसआर मद का उपयोग किया जा सकता है।

## खेती से अधिक लाभ के लिए नवीन अनुसंधानों और नवाचारो को अपनाएं किसान: मंत्री नेताम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम ने कहा है कि छतीसगढ़ सरकार राज्य में कृषि के विकास तथा किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की किसान हितैषी सोच के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा किसानों की बेहतरी के लिए अनेक योजनायें संचालित की जा रही हैं और आगामी समय में सरकार द्वारा किसानों के हित में और कई नवीन योजनायें शुरू की जाएँगी। कृषि मंत्री ने प्रदेश के किसानों से खेती से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए नवीन अनुसंधानों एवं नवाचारों को अपनाने का आह्वान किया।

नेताम यहाँ राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसन्धान केंद्र अंबिकापुर में राज्य शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं छत्तीसगढ़ बायोटेक प्रमोशन सोसायटी, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में तथा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के तकनीकी सहयोग से आयोजित दो दिवसीय किसान मेला, नवाचार मेला तथा कृषि प्रदर्शनी ''अंकुरण'' का शुभारम्भ कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। समारोह में अंबिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल, लुन्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज तथा प्रतापपुर विधायक श्रीमती शंकुतला पोर्ते विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा गिरीश चंदेल ने की। इस अवसर पर सरगुजा क्षेत्र के प्रगतिशील एवं नवाचारी किसानों को सम्मानित भी किया गया।

किसान संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मंत्री नेताम ने कहा कि सरगुजा की मिट्टी पानी और जलवायु सभी फसलों की खेती के लिए उपयुक्त है। आज यहाँ लुन्ड्रा प्रतापपुर क्षेत्र सब्जियों की खेती के लिए विख्यात हो चुके है और यहाँ उत्पादित सब्जियां उत्तर प्रदेश एवं बिहार तक जा रही है। इसके साथ ही सरगुजा अंचल में फलों मक्का गन्ना एवं मिलेट्स की खेती की व्यापक सम्भावनाए है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इन सभी की खेती को बढावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने किसानों को अपनी फसलों की बेहतर मार्केटिंग के लिए कृषक उत्पादन संगठन बनाकर कार्य करने का आह्वान किया। श्री नेताम ने किसानों से जैविक खेती करने तथा नदी तालाबों व संरक्षण के लिए प्रयास करने का अनुरोध कियाप् श्री नेताम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों से प्रति क्विन्टल 3100 रूपए की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। राज्य सरकार द्वारा किसानों से कोदो, कुटकी, रागी आदि मिलेट्स की समर्थन मूल्य की खरीदी की जा रही है। श्री नेताम ने में कृषि के विकास इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे नवीन अनुसंधानों, तकनीकों तथा नवाचारों की प्रशंसा की। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालय द्वारा धान की परम्परागत सुगन्धित एवं औषधीय किस्मों के संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों की भी सराहना की।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कृषि के क्षेत्र में किये जा रहे नवीन अनुसंधानों, नवीन प्रोद्योगिकी विकास तथा नवाचारो के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया की विश्वविद्यालय द्वारा किसानों को उनके उत्पादों की सही कीमत दिलाने के लिए कृषक उत्पादक संगठनो को सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने कहा की कृषि विश्वविद्यालय नाबार्ड के सहयोग से सरगुजा क्षेत्र में कृषि आर्थिक क्षेत्र स्थापित करने कि योजना है। डा गिरीश चंदेल ने बताया कि सरगुजा संभाग के विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्र माध्यम से किसानों को नवीन कृषि अनुसंधानों एवं तकनीको की जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें लाभदायक फसलों की खेती एवं मार्केटिंग के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

किसान मेले में कृषि महाविद्यालय रायपुर के अंतर्गत संचालित विभिन्न कृषि महाविद्यालयों, कृषि विज्ञान केन्द्रों तथा अन्य इकाईयां द्वारा किसानों के लिए किये जा रहे नवीन अनुसंधान, प्रौद्योगिकी तथा नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा। इनके अलावा राज्य शासन के कृषि, एवं कृषि अभियांत्रिकी विभागों द्वारा संचालित किसान कल्याणकारी योजनाओं एवं गतिविधियों को भी प्रदर्शित किया गया है। यहां नाबार्ड द्वारा प्रायोजित कृषि उत्पादक समूहों तथा महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों एवं तकनीकों का प्रदर्शन भी किया गया है।

## वित्त मंत्री ने किया रायगढ़ के कोयलंगा डायवर्सन सुधार कार्य का वर्चुअल भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने रायगढ़ विधान सभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोयलंगा में आज अपने राजधानी स्थित निवास कार्यालय से कोयलंगा डायवर्सन के सुधार कार्य का वर्चुअल भूमिपूजन किया।**



2 करोड़ 11 लाख रुपए की लागत से तैयार होने वाली इस परियोजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र की सिंचाई क्षमता में 275 हेक्टेयर की वृद्धि होगी और कोइलंगा के साथ भुइया पाली, बेहरा पाली के हजारों किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा। इस परियोजना के वर्चुअल भूमिपूजन के अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने क्षेत्र के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ कार्य को समय पर पूरा करने का निर्देश भी दिया। वित्त मंत्री एवं रायगढ़ के विधायक श्री ओपी चौधरी ने क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की एवं आने वाले समय में केलो बांध और सपनाई बांध से भी जल्द ही किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का वायदा किया। गौरतलब है की केलो बांध के लिए बजट में 100 करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया गया है।

### नाम परिवर्तन

मैं मुनमुन सी नंदा (**MUNMUN C NANDA**) उम्र- साल पिता संजीव नंदा (**SANJEEV NANDA** ) पता-ग्रीन सिटी लक्ष्मी नगर रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. की हूँ जो कि निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करती हूँ। यह कि जन्म-मृत्यु कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई से पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है जिसमें उसका नाम आर्यवीर नंदा (**AARYAVEER NANDA**) दर्ज है। यह कि मैं अपने पुत्र का नाम जन्म प्रमाण पत्र में सुधार कर अमय नंदा (**AMAY NANDA**) दर्ज करवाना चाहता हूँ। यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक एवं सहीं नाम अमय नंदा (**AMAY NANDA**) है तथा भविष्य में समस्त शासकीय/ अशासकीय/ अन्य संस्थान / में अमय नंदा (**AMAY NANDA**) के नाम से जाना व पहचाना जावें।

**मुनमुन सी नंदा**
ग्रीन सिटी लक्ष्मी नगर
रिसाली भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)

### ।। न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग ।।

-:: ईश्तहार ::-

रा.प्र.क्र./ / अ-6 / वर्ष 2023 - 24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेशचंद्र प्रजापति पिता लालसा प्रसाद प्रजापति निवासी रामनगर भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि ख.नं. 9177 रकबा 0.02 हे. भूमि आवेदक के माता चनावती प्रजापति पति स्व. लालसा प्रसाद प्रजापति के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। खातेदार की मृत्यु होने से मृतक का नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन - पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 27.03.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.03.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
भिलाई नगर

### ।। न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग ।।

-:: ईश्तहार ::-

202403101000035

रा.प्र.क्र./ / अ-6 / वर्ष 2023 - 24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेशचंद्र प्रजापति पिता लालसा प्रसाद प्रजापति निवासी रामनगर भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 46 स्थित भूमि ख.नं. 1342/4 रकबा 0.030 हे. भूमि आवेदक के माता चनावती प्रजापति पति स्व. लालसा प्रसाद प्रजापति के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। खातेदार की मृत्यु होने से मृतक का नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन - पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 27.03.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.03.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
भिलाई नगर

### लोकसभा निर्वाचन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा निर्वाचन-2024 के विभिन्न आयामों के सुचारू संचालन हेतु नोडल अधिकरियों की नियुक्ति कर निर्वाचन से संबंधित कार्यों का दायित्व अधिकारियों को सौंपा है। जिसमें निर्वाचन से संबंधित गतिविधि आदर्श आचारण संहिता के सुव्यवस्थित प्रबंधन (एमसीसी), जिले की कानून व्यवस्था, पीपीईएस सॉफ्टवेयर में कर्मचारियों की शत्-प्रतिशत् डाटा एन्ट्री, निर्वाचन के दौरान जिले में उपलब्ध संसाधनों का आकलन तथा संसाधनों की व्यवस्था कराने के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एवं अपर कलेक्टर अरविन्द कुमार एक्का नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी एसडीएम होंगे।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# अभिषेक मिश्रा हत्याकांडः पुलिस ने बनाया जिन्हें मुख्य आरोपी हाईकोर्ट ने उन्हें किया दोषमुक्त

## दुर्ग डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने सुनाई थी अजीवन कारावास की सजा, एक अभियुक्त किम्सी पहले हो चुकी है दोषमुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर के प्रतिष्ठित शिक्षाविद आईपी मिश्रा के पुत्र अभिषेक मिश्रा के हत्या के मामले में पुलिस ने जिन्हें मुख्य आरोपी बनाया था वे अब दोषमुक्त हो गए हैं। करीब आठ साल पहले हुए इस जघन्य हत्याकांड ने भिलाई शहर को हिलाकर रख दिया था। हत्या के आरोप में पुलिस ने अभिषेक मिश्रा की कथित प्रेमिका किम्सी जैन, उसके पति विकास जैन व अजित सिंह को गिरफ्तार किया था। दुर्ग जिला न्यायालय ने 10 मई 2021 को आरोपियों विकास जैन और अजीत सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। वहीं किम्सी जैन को दोषमुक्त कर दिया था। जिला न्यायालय दुर्ग के फैसले को दोनों आरोपियों ने हाईकोर्ट में चुनौती थी। हाईकोर्ट ने इस मामले में विकास जैन व अजित सिंह को भी दोष मुक्त कर दिया है।

हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डबल बेंच में हुई। भिलाई में हुए इस हाईप्रोफाइल हत्याकांड पर हाईकोर्ट ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ परिस्थिति जन्य साक्ष्य प्रमाणित नहीं हैं। आरोपियों की ओर से भी पैरवी करते हुए वकील अनिल तावड़कर और उमा भारती साहू ने कोर्ट में तर्क रखे कि यह पूरा मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर टिका हुआ था। दूसरी ओर अभियोजन पक्ष सुनवाई के दौरान घटना की कडियों को जोड़ नहीं पाया। इसके साथ ही अभिषेक मिश्रा के पिता आइपी मिश्रा ने किम्सी जैन की रिहाई को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। किम्सी के मामले में उच्च न्यायालय ने जिला न्यायालय के फैसले को उचित ठहराते हुए आइपी मिश्रा के आवेदन को खारिज कर दिया है।



### हाईकोर्ट ने कहा पुलिस विवेचना में भी लापरवाही

मामले में पुलिस विवेचना की लापरवाही सामने आई है। पुलिस और शासन हत्या का उद्देश्य ही साबित नहीं कर सके। इसका लाभ आरोपियों को मिल गया। आरोपियों की एडवोकेट अनिल तावड़कर ने कहा कि इस पूरे मामले में एक भी चश्मदीद गवाह नहीं है। साथ ही प्रार्थी की ओर से सिर्फगुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने जांच के दौरान हत्या का मामला दर्ज किया, लेकिन न तो गवाह हैं और न ही साक्ष्य हैं। जिस दिन हत्या और लाश को दफ्नाने की बात कही जा रही है, उस दिन धनतेरस थी और बाजार के साथ पूरे क्षेत्र में भीड़ थी। पुलिस की जांच पर सवाल उठाते हुए कोर्ट में कहा गया कि अभिषेक मिश्रा को किम्सी ने चौहान टाउन स्थित घर पर 9 नवंबर 2015 बुलाया। घर पहुंचने के बाद किम्सी और अभिषेक के बीच विवाद हुआ। पहले से मौजूद विकास और अजीत ने अभिषेक के सिर पर पीछे से रॉड से वार किया, जिससे वह वहीं कमरे में गिर गया। फ्रि अभिषेक को किम्सी के चाचा अजीत सिंह जो किराये पर स्मृति नगर भिलाई में रहता था। उसको वहां ले जाकर पहले से किए गए 6 फीट गहरे गड्ढे में ले जाकर दफना दिया था।

### एक भी चश्मदीद गवाह नहीं ढूंढ पाई पुलिस

हाईकोर्ट में कहा गया कि चौहान टाउन स्थित घर और स्मृति नगर भिलाई की दूरी तीन किमी से अधिक है। इसके बाद भी इस पूरे मामले में कोई प्रत्यक्षदर्शी पुलिस की विवेचना में नहीं है। साथ ही पुलिस के द्वारा कहा गया कि लाश के उपर फूल गोभी की सब्जियां उगा दी थी। पुलिस ने लाश के पास हाथ का कड़ा, अंगूठी और लाकेट देखकर अभिषेक की लाश होने की पुष्टि की थी और कहा गया कि 100 किलो से अधिक नमक डालकर ऐसा किया गया, जिससे की बदबू नहीं आए। बचाव पक्ष ने कहा कि 45 दिनों तक लाश पड़ी रही ऐसे में नमक का उपयोग किया गया होता तो वह घुल जाता जबकि नमक सालिड मिला था। साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के सिर या दूसरे किसी बाडी पार्ट में राड से वार का उल्लेख नहीं है।

### यह था पूरा मामला



गौरतलब है कि 10 नवंबर 2015 की शाम शंकराचार्य इंजीनियरिंग कालेज के चेयरमैन आईपी मिश्रा के इकलौते बेटे अभिषेक मिश्रा का अपहरण हुआ था और उसके बाद हत्या कर दी गई थी। हाईप्रोफाइल इस मामले में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। हत्याकांड के बाद लाखों मोबाइल खंगाले गए और पुलिस कई कड़ियों को जोड़ते हुए सेक्टर-10 निवासी विकास जैन तक पहुंची। घटना के करीब 45 दिन बाद पुलिस ने विकास जैन की पत्नी किम्सी जैन के चाचा अजीत सिंह के स्मृति नगर निवास के बगीचे में अभिषेक की सड़ी-गली लाश बरामद की। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में विकास जैन, किम्सी जैन व अजित सिंह को आरोपी बनाया न्यायालय में पेश किया।

## खास खबर

### रायपुर एयरपोर्ट के बाहर टैक्सी ड्राइवर को हार्ट अटैक, माना सिविल हॉस्पिटल के बाहर हुई मौत

**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के बाहर सोमवार को एक टैक्सी ड्राइवर की तबीयत अचानक खराब हो गई। आनन-फानन में वहां मौजूद टैक्सी ड्राइवर्स उसे लेकर माना के सिविल अस्पताल पहुंचे, लेकिन समय पर इलाज नहीं मिलने से उसने दम तोड़ दिया। ड्राइवर की मौत के बाद टैक्सी ड्राइवर्स ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। लापरवाही से मौत के लिए उन्होंने मृतक के परिजन को उचित मुआवजा देने की मांग की।

जानकारी के मुताबिक, सोमवार दोपहर करीब 3.30 बजे सरायपाली से ड्राइवर उमा शंकर पटेल रायपुर पहुंचा था। एयरपोर्ट के बाहर वह पैसेंजर का इंतजार कर रहा था, तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। एंबुलेंस नहीं मिलने पर टैक्सी यूनियन के लोगों ने उमाशंकर को माना के सिविल अस्पताल पहुंचाया। टैक्सी ड्राइवरों ने बताया कि जब इलाज के लिए उमाशंकर को अस्पताल लाया गया, तब माना सिविल हॉस्पिटल में डॉक्टर मौजूद नहीं थे। 20 मिनट से ज्यादा समय तक उसे हमने कार में ही बाहर रखा, लेकिन कोई भी उसे अंदर ले जाने के लिए नहीं आया। बाद में डॉक्टर आए और जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अगर सही समय पर इलाज मिल जाता, तो उमाशंकर की जान बचाई जा सकती थी। माना सिविल अस्पताल के डॉक्टर आशीष मेश्राम का कहना है कि जांच के समय ड्राइवर का शरीर ठंडा था, उसकी मौत करीब आधे घंटे पहले हुई होगी। मैं ऑफिशियल काम से बाहर गया था, सिस्टर से जानकारी मिलते ही वापस आया। वहीं अस्पताल में मौजूद नर्स का कहना है कि जब पेशेंट को लाया गया, तो हम उसे फौरन देखने के लिए बाहर गए थे। इसमें कहीं कोई लापरवाही नहीं हुई है।

### पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, शव बरामद

**जगदलपुर।** दंतेवाड़ा और बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र के पुरंगेल गांव (थाना किरंदुल) और पीड़िया गांव (थाना गंगालूर) के जंगल में डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फाइटर्स, सीआरपीएफएवं कोबरा की संयुक्त पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर हो गया। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल की सर्चिंग की गई। इस दौरान एक नक्सली का शव हथियार के साथ बरामद किया गया। मुठभेड़ में मारे गये नक्सली की शव की शिनाख्तगी की जा रही है।

वहीं, सर्च अभियान के दौरान सोमवार को दोपहर लगभग 2:30 बजे जिला बीजापुर के थाना गंगालूर क्षेत्रांतर्गत मुतवेण्डी कैंप के पास माओवादियों द्वारा लगाये आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से बस्तर फाइटर्स का जवान आरक्षक रामु कोरसा के दाहिने घुटना एवं बांये पैर के एड़ी में चोट आयी है। घायल जवान को उपचार के लिए जिला अस्पताल बीजापुर लाया गया। घायल जवान की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है। आसपास क्षेत्र में सर्चिंग की जा रही है।

## हाथियों का कहर, बुजुर्ग दंपति की हत्या वन विभाग पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचल क्षेत्र सरगुजा संभाग में इन दिनों हाथियों का उत्पात जारी है। इसी कड़ी में सूरजपुर जिले के प्रतापपुर वन परिक्षेत्र के तहत एक गांव में सोमवार की अलसुबह दो दंतैल हाथियों ने वृद्ध ग्रामीण के घर को तोडना़ शुरु कर दिया। इसी बीच आवाज सुनकर घर से पति-पत्नी जैसे ही घर से बाहर निकले तभी हाथियों ने दोनों को घर के सामने ही कुचलकर मार डाला। बताया जा रहा है कि पिछले साल भी हाथियों ने उक्त दंपति का घर तोड़ा था। इधर सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम के ऊपर ग्रामीण भडक़ गए।

सूरजपुर जिले के प्रतापपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम दरहोरा निवासी हरिधन 69 वर्ष अपनी पत्नी नन्ही 66 वर्ष के साथ रहता था। दोनों की कोई संतान नहीं थी, ऐसे में वृद्ध दंपती गांव से लगे जंगल के किनारे घर बनाकर रह रहे थे। रविवार की रात पति-पत्नी घर में सो रहे थे। इसी बीच सोमवार की अलसुबह करीब चीर बजे दो हाथी वहां पहुंचे और उनके घर को तोडऩे लगे। हाथियों की तेज दहाड़ सुनकर पति-पत्नी की नींद टूटी तो वे घर से बाहर निकल ही रहे थे इसी बीच हाथियों ने दोनों को मौत के घाट उतार दिया।



### वन विभाग के खिलाफग्रामीणों में नाराजगी

दंतैल हाथियों द्वारा वृद्ध दंपति को मार डालने की सूचना पर वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। इस दौरान वहां मौजूद ग्रामीण उनपर भडक़ गए। उनका कहना था कि हाथियों के गांव की ओर आने की सूचना उन्हें नहीं दी गई थी। कुछ देर तक चली बहस के बाद मामला शांत हुआ। वन विभाग प्रतापपुर क्षेत्र के एसडीओ आशुतोष भगत ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों दंतैल हाथी अलग-अलग इलाके से अपने दल से भटककर यहां पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि एक दंतैल सीतापुर, लुंड्रा, अंबिकापुर और कल्याणपुर होते हुए जबकि दूसरा हाथी वाड्रफ्नगर वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहे 34 हाथियों के दल से भटककर प्रतापपुर क्षेत्र में पहुंचा है।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

(संपत्तिकर विभाग)

क्रं./ज.स.वि./न.नि./2024 भिलाई, दिनांक 16/02/2024

//स्वामित्व हस्तांतरण की सूचना//

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध मे कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकार्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद मे प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा:-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्व. श्रीमती बीना देवी गोयल ध.प. श्री सत्यनारायण गोयल, निवासी-प्लाट नं. -90/बी, सुन्दर नगर कोहका, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्री अजय गोयल आ. स्व. सत्यनारायण गोयल, निवासी-प्लाट नं.-90/बी, सुन्दर नगर कोहका, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | वसीतनामा | कोहका, सुन्दर नगर, भिलाई, खसरा नं. 8198/3, रकबा-0.04 हे., आवासीय भवन निर्मित। |
| 2. | श्री जगदीश सिंह, पिता-श्री रामजी सिंह, निवासी-सा. 5/118, ए-जे-राम जानकी धाम, कालोनी, शिवपुर तरना वाराणसी उत्तर प्रदेश | संध्या कुमारी, पिता-श्री योगेन्द्र राय, निवासी-फ्लैट नं.-153, ब्लाक-10, दलीप परिसर, कैलाशनगर हाउसिंग बोर्ड, कुरुद, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कुरुद, दलिप परिसर, कुरुद वार्ड नं. -16(पुराना वार्ड-14) कैलाश नगर अंदर भाग, भिलाई, फ्लैट नं.-153, तृतीय तल ब्लाक-10, क्षेत्रफल-700 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 3. | श्री अरविन्द यशवन्त सैमुअल, पिता स्व. सुशील सैमुअल राघव, निवासी-म.नं. 14, बोरसी रोड आदर्श नगर दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | 1. श्री लोकेश सिंह, पिता श्री ओम प्रकाश सिंह, 2. श्रीमती सुमन सिंह, पति श्री ओम प्रकाश सिंह, 3. श्री ओम प्रकाश सिंह, पिता स्व. श्री रघुवर सिंह, निवासी-ई-8/21, चौहान टाउन स्मृतिनगर वार्ड नं. 02, जुनवानी, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, वार्ड क्र. 02, स्मृतिनगर वार्ड(चौहान टाउन अंदर भाग), भिलाई, खसरा नं.- 252/4, प्लाट नं.-ए-15, रकबा-2712 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 4. | 1. के. श्रीकुमार, आ. स्व. आर.के. पिल्लै, निवासी-एम.आई.जी.-1/864,हुडको, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.), 2. श्रीमती एस. चित्रा, आ. स्व. आर.के. पिल्लै,(ध.प. श्री बी अनिल कुमार), निवासी-एम.आई.जी.-2/63, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, ओल्ड बोरसी, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्री दिनेश कुमार मिश्रा, आ. स्व. बृजभूषण मिश्रा, निवासी-एम.आई.जी. 1/865, हुडको, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | हुडको आवासीय योजना, आमदी नगर, शहीद कौशल यादव नगर दक्षिण वार्ड क्र. 69, भिलाई, मकान नं.-एम.आई. जी-I-864, क्षेत्रफल-150 वर्गमीटर, आवासीय भवन निर्मित। |
| 5. | श्रीमती चन्द्रप्रभा सत्यन पति श्री राघवन सत्यानाथन, निवासी-ढांचा भवन कुरूद भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्री रतन सिंह पिता-स्व. भगवान सिंह, निवासी-8बी, आनंदपुरम फेस-2 कोहका, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कुरूद, वार्ड नं. 16, ढाचा भवन कुरूद से लगा हुआ अंदर भाग, भिलाई, खसरा नं. 1400/81, रकबा-1200 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 6. | श्री विनोद कुमार जायसवाल, पिता स्व. सत्यनारायण राम, निवासी-म.नं. 415, सड़क नं.-01, जैन मंदिर के पास, शांतिनगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | 1. डॉ श्रीमती नीलिमा शर्मा, पति स्व. निरंजन शर्मा, 2. डॉ. आदित्य शर्मा, पिता स्व. निरंजन शर्मा, निवासी-जी.ई.रोड, बी. एम.वाय. चरोदा, तह.-भिलाई 03, जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, वार्ड नं. 01(सूर्य विहार फेस-1 अंदर भाग), भिलाई, खसरा नं.-731/5, प्लाट नं.-सी-2/138, रकबा-2400 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 7 | श्री रविन्द्र सिंह कुशवाहा पिता-श्री टी.पी. एस. कुशवाहा, निवासी-मकान नं.-101, न्यू आनन्द नगर जुनवानी, भिलाई, तह.व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | कुमार सच्चिदानंद, पिता-श्री बनारसी दर्वे, निवासी-क्वा. नं.-बी-09, रॉयल ग्रीन जुनवानी रोड, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका,(रविन्द्र सिंह कुशवाहा परिसर विवेकानंद नगर), भिलाई, फ्लैट नं.-303, तृतीय तल, क्षेत्रफल-950 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 8 | 1. चंदन विसरिया, पति-स्व. चन्द्रकांत विसरिया, 2. खुशबू दास, पति-गगन दास, दोनो निवासी-एम.आई.जी.-13, वार्ड नं.-10, वैशाली नगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती सोनू हेलीवाल, पति-आलोक हेलीवाल, निवासी-1681, विवेकानंद कालोनी, शांतिनगर, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | भिलाई (वार्ड नं.-15 वैशाली नगर वार्ड के छ.ग. गृह निर्माण मंडल वैशाली नगर भिलाई अंदर भाग), भिलाई, भूखंड/भवन क्र.-एम.आई.जी.-13, क्षेत्रफल-274.32 वर्गमीटर, आवासीय भवन निर्मित। |
| 9 | श्री जयप्रकाश सिंह चौहान आ. श्री जगदीश सिंह चौहान, निवासी-मकान नं.-479, दीक्षित कालोनी शिवमंदिर के पीछे कोसानगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती नूतन वर्मा ध.प. श्री अरूण कुमार वर्मा, एवं श्री अरूण कुमार वर्मा आ. स्व. पृथ्वी सिंह वर्मा, निवासी-23/1, मोतीलाल नेहरूनगर(पश्चिम), भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, कोसा नाला से लगा हुआ अविकसित प्लाट(वार्ड नं.-02, कोसानगर वार्ड) अन्दर भाग, भिलाई, प्लाट नं. 61, खसरा नं.-2591/1, क्षेत्रफल-3438.5 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |

उपायुक्त ( संपत्तिकर )


## भाभी के प्यार में बड़े भाई की गला दबाकर ले ली जान

### ■ गले में मालिश के बहाने कर दी हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कबीरधाम।** कुकदूर थाना क्षेत्र में पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि भाभी से अवैध संबंध के चलते छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की गला दबाकर की हत्या कर दी थी। घटना के बाद आरोपी फरार होने की तैयारी में था, इससे पहले पुलिस की गिरफ्त में आ गया।

कुकदूर थाना प्रभारी व्यास नारायण चुरेन्द्र ने बताया कि मृतक का नाम बिरसु राम (33) निवासी ग्राम बांगर है। आरोपी का नाम भीम सैयाम (21) है। दोनों सगे भाई थे। आरोपी भीम सैयाम ने अपने बड़े भाई बिरसु की सात मार्च को हत्या कर दी थी। दूसरे दिन आठ मार्च को आरोपी अपने मृतक भाई का अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहा था। भीम सैयाम सभी से यह बताया कि उसके भाई की मौत शराब पीने से हुई, लेकिन ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पुलिस से कर दी।

शिकायत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला की बिरसु राम की गला दबाकर हत्या की गई है। इसके बाद पुलिस ने भीम सैयाम को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। कड़ाई से पूछताछ करने पर भीम सैयाम ने बताया कि उसका अपनी भाभी के साथ अवैध संबंध था। दोनों के प्रेम में उसका बड़ा भाई रोड़ा बन रहा था। सात मार्च को उसका भाई शराब के नशे में सोया हुआ था। इसी दौरान गले की मालिश करते-करते मौका पाकर दोनों हाथों से गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा बने ACB-EOW के चीफ, तीन आईपीएस का तबाइदला



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राज्य शासन ने सोमवार को बड़े पैमाने पर पुलिस अफसरों के तबादले किए हैं। इनमें 3 आईपीएस, राज्य पुलिस सेवा के 25 अफसर और 50 निरीक्षक स्तर के अधिकारी शामिल हैं। सरकार ने रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा को ACB-EOW का नया चीफ बनाया है। आईपीएस यशपाल सिंह को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वहां की SP रहीं रत्ना सिंह को PHQ में एआईजी प्रशासन की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं अभी तक ATS के एसपी रहे अजातशत्रु बहादुर सिंह को SDRF का नया डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। इस संबंध में गृह विभाग के अवर सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव ने आदेश जारी किया है।


### कार्यालय कार्यपालन अभियंता

तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग (छ.ग.)

**आदेश क्रमांक** 1166/व.ले.लि./2023-24 दुर्ग, **दिनांक** 05/03/2024

सिस्टम निविदा क्र. 150133/निविदा सूचना क्रं. 48/ व.ले.लि./2023-24, दुर्ग दिनांक 20.12.2023 के माध्यम से दुर्ग जिले के विकासखण्ड दुर्ग की तांदुला परियोजना अंतर्गत खम्हरिया वितरक शाखा नहर की कोकड़ी माईनर का जीर्णोद्धार कार्य की आमंत्रित निविदा एकल निविदा होने के फलस्वरूप प्रतिस्पर्धा के आभाव में निरस्त की जाती है।

जी नंबर - 06604

जी-08437/6

(सुरेश कुमार पाण्डेय)
कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग (छ.ग.)



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950